## एक नजर

### पुलिसकर्मी ने खोया पहचान पत्र सौंपा

चित्रकूट। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा ड्यूटी में लगे यातायात पुलिस के आरक्षी नीतेश कुमार ने सड़क पर पड़े पहचान पत्र को संबंधित छात्र को सौंपा। नीतेश ने पहचान पत्र में पड़े मोबाइल नंबर से संपर्क कर परीक्षार्थी रामपाल निवासी चनहट को बुलाया और उसे सौंप दिया।

### रोजगार मेला कल

चित्रकूट। मऊ ब्लाक में 19 फरवरी को रोजगार मेला लगेगा। इसमें देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि साक्षात्कार लेने आएंगे। यह जानकारी जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने दी। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करते हुए सभी जरूरी कागजातों के साथ समय पर पहुंचें। ऑनलाइन आवेदन न कर वाले सीधे भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय या आईटीआई में संपर्क किया जा सकता है।

### गोंडा मंदिर में देवी प्रतिमा की स्थापना, भंडारा

भरतकूप। ग्राम पंचायत गोंडा में ग्राम प्रधान ने जय मां सिंहवाहिनी मंदिर में देवी प्रतिमा की स्थापना की। प्राचीन सिंहवाहिनी मंदिर का पुनर्निर्माण करा कर प्रतिमा स्थापित कराने की मांग पर ग्राम प्रधान राममिलन ने प्रतिमा की स्थापना कराई। प्राण प्रतिष्ठा की गई और भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार को भंडारे में पूर्व प्रधान राजकरण, भानू पांडेय, मन्नू लाल साहू, गिरधारी यादव, राम सिंह चौहान आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# वकीलों ने उठाया मासूमों को न्याय दिलाने का बीड़ा

## न्यायिक कार्य से रहे विरत, कल बनेगी आगे की रणनीति

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



वकील विराग पटेल।

अमृत विचार। सीआईसी हादसे में जान गंवाने वाले मासूमों को न्याय दिलाने का बीड़ा अधिवक्ताओं ने उठाया है। शनिवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और अधिवक्ता संघ भवन में बैठक कर अब तक घटना में दोषी किसी भी अधिकारी पर कार्रवाई न होने पर रोष जताया। अधिवक्ताओं की मांग है कि दोषी लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की जाए और मुआवजे की राशि पचास लाख रुपये की जाए।

जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव मनोज कंचनी ने बताया कि आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट में चार मासूमों की मौत ने सबको झकझोर दिया है। अब तक किसी पर कार्रवाई न होने से परिजनों के साथ सभी लोगों में आक्रोश पनप रहा है। ऐसे में घटना के बाद से तीन दिन तक न्यायिक कार्य से विरत रहकर मृत बच्चों के प्रति शोक संवेदना जताई गई। शनिवार को अधिवक्ता संघ भवन में हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने इस बात पर रोष जताया कि इतने बड़े हादसे के बाद भी शासन स्तर पर किसी पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई। अधिवक्ताओं का कहना था कि जिम्मेदारी तय कर दोषी लोगों पर हत्या का मुकदमा चलाया जाए। साथ ही मृतकों के परिजनों को पचास लाख रुपये की धनराशि दिए जाने की मांग भी उठी। अधिवक्ताओं ने कहा कि मृतक बच्चों के परिजनों को सरकारी नौकरी भी दी जानी चाहिए। अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। तय किया गया कि सोमवार को आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस मौके पर अध्यक्ष संजय कुमार करवरिया सहित संघ के पदाधिकारी और भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



बैठक करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अन्य जगहों पर भी भेजा गया पत्र

जिला बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष विराग पटेल ने बताया कि बैठक के दौरान पहुंचे मृत बच्चों के परिजनों ने अधिवक्ताओं को इस हक की लड़ाई में साथ देने के लिए आभार जताया। बताया कि बांदा, हमीरपुर और महोबा में भी अधिवक्ताओं को पत्र भेजकर घटना की जानकारी देकर सहयोग मांगा गया है। यूपी स्टेट बार एसोसिएशन को भी सूचित किया गया है। बताया कि अधिवक्ता बच्चों को न्याय दिलाकर मानेंगे।

## जनप्रतिनिधियों को लेकर पनपा आक्रोश

चित्रकूट। इस दुखद हादसे के बाद ज्यादातर जनप्रतिनिधियों, नेताओं के मृतक बच्चों के परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए घर न जाने को लेकर लोगों में आक्रोश पनप रहा है। लोगों का कहना है कि वोट मांगने के लिए घरघर जाने वाले इन नेताओं को इतना समय तक नहीं मिला कि वे कम से कम घर पहुंचकर उनको सांत्वना देते। सत्ता पक्ष के साथ कई विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं पर भी संवेदनहीनता के आरोप लग रहे हैं। आपसी बातचीत में लोग यहां तक कह रहे हैं कि हो सकता है कि इनके मन में जनाक्रोश को लेकर आशंका हो पर क्या परिजनों को इतना भी हक नहीं कि अपने जनप्रतिनिधियों को दो बातें सुना सकें।

विभिन्न कार्यक्रमों में जाकर फोटो खिंचवाने वाले इन नेताओं को क्या मासूमों की मौत पर जरा भी दर्द नहीं हुआ। कई ने तो यहां तक कटाक्ष किया कि फेसबुक में यहां रहना हुआ, वहां रहना हुआ पोस्ट करने वाले इन नेताओं की क्या संवेदनाएं मर गईं कि इन्होंने बच्चों के लिए एक अदद पोस्ट करनी भी गवारा नहीं समझी। नाम छिपाते हुए कई लोगों ने यहां तक आरोप लगाया कि ये लोग सिर्फ वोट के लिए हैं, लोगों के दुखदर्द से कोई मतलब नहीं। जनप्रतिनिधियों के इस कार्य-व्यवहार की चर्चा अधिवक्ताओं ने एक बैठक में भी की। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय एडवोकेट ने कहा कि चित्रकूट में सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों की ओर से इस संबंध में कोई ठोस कदम न उठाया जाना बेहद शर्मनाक है। हां, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने जरूर घरों में जाकर तथा शासन को अवगत करवाकर मानवता दिखाई। अधिवक्ताओं ने कहा कि झूठी लोकप्रियता हासिल कर, निमंत्रण खाकर फेसबुक में घनिष्ठ प्रेमी बताने वाले जनप्रतिंधियो का कोई अता पता नहीं चला। चित्रकूट के कुछ जनप्रतिनिधि निमंत्रण और फेसबुक में अहं ब्रह्मास्मि बताकर खुश हो लेते हैं। ऐसे लोग अहम और वहम के शिकार हैं। कहा कि सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सबको दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करनी चाहिए। परिजनों को ढांढस बंधाना चाहिए। आनंद मिश्रा ने कहा कि जिन नौनिहालों की मौत हुई है, उन सभी के परिजनों को पचास-पचास लाख रुपये की राशि सरकार द्वारा दी जानी चाहिए। कुंवर रोहित सिंह ने भी शोक संवेदना प्रकट करते हुए सभी परिजनों को शासन द्वारा तत्काल मदद राशि दिए जाने की बात कही। अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी ने कहा कि बुंदेलखंड महोत्सव में आतिशबाजी का कोई मतलब नहीं था। बुंदेलखंड से संबंधित लोककलाओं का प्रदर्शन किया जाना चाहिए था।



मासूम प्रभात के पिता धर्मेंद्र पटेल ने दिया बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष को पत्र।

## झोलाछाप की अग्रिम जमानत हो गई खारिज

चित्रकूट। बिना डिग्री के अस्पताल में मरीज का आपरेशन करने में पकड़े गए आरोपी की अग्रिम जमानत प्रभारी सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि राजापुर थाने में आठ फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. उदय प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झा, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस के साथ राजापुर के हेल्थ हेवेन अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। अस्पताल निरीक्षण में निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं मिला और अस्पताल संचालक द्वारा पंजीकरण संबंधी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अलावा निरीक्षण के समय कौशांबी जिले के महेवा घाट का निवासी ओमप्रकाश वहां भर्ती एक मरीज का हाइड्रोसील का आपरेशन करते हुए पाया गया। ओमप्रकाश के पास चिकित्सा संबंधी कोई भी प्रमाणपत्र नहीं था। अस्पताल का दवा भंडारण कक्ष, आपरेशन थियेटर, डीवीआर और अभिलेख सील कर दिए गए थे। मामले में बिना डिग्री के आपरेशन कर रहे ओमप्रकाश को नामजद किया गया था।

# दिक्कत: इस पार से उस पार जाना आसान नहीं रहा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। विकासखंड पहाड़ी अंतर्गत यमुना नदी की तलहटी पर बसी ग्राम पंचायत चिल्लीमल यमुना घाट से फतेहपुर आवागमन के लिए पक्का पुल न होने से लोग नाव से जान जोखिम में डालकर आनेजाने को विवश हैं।

लोग बताते हैं कि सालों बीत गए पर इस पार से उस पार जाने के लिए एक अदद पुल नहीं बन पाया। ऐसे में उस ओर फतेहपुर के गिरधरपुर धाने आदि आवागमन के लिए दर्जनों गांवों के लोग नाव से आते जाते हैं। पक्का पुल के निर्माण के लिए काफी अरसे से ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही है। पुल निर्माण चुनावों में मुद्दा भी रहता है और तब प्रत्याशी इसके बनने का आश्वासन भी देते हैं पर बाद में सब भूल जाते हैं। यमुना घाट में तीन दर्जन से अधिक लोगों की नाव डूबने से मौतें हो चुकी हैं।



इस तरह नाव से आते जाते हैं लोग। अमृत विचार

### कई लोग बने काल का ग्रास

लोग बताते हैं कि चिल्लीमल में सन् 2000 व सन् 2005 में नाव डूबने से लगभग 30 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने लगभग 20 वर्षों से जनपद चित्रकूट व फतेहपुर को जोड़ने के लिए पुल की कई बार मांग उठाई लेकिन किसी भी दल की सरकारों ने ग्रामीणों की इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। तिरहार क्षेत्र के सत्यनारायण त्रिपाठी, महेंद्र द्विवेदी, घनश्याम द्विवेदी, मुन्ना त्रिपाठी, वीर सिंह, गब्बर सिंह, मान सिंह, श्याम नारायण त्रिपाठी, सूर्यभान विश्वकर्मा, बच्ची यादव आदि ने प्रदेश सरकार से प्रस्तावित पुल को जल्द से जल्द बनवाने की मांग की है।

### पूर्व मंत्री ने भेजा था प्रस्ताव



ग्राम पंचायत चिल्लीमल के पूर्व प्रधान करुणेश मिश्रा ने बताया कि 2017 में तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा था। तब उत्तर प्रदेश सेतु निगम के अभियंताओं ने सर्वे भी किया था। लेकिन इसके बाद कुछ नहीं हुआ। – करुणेश

### कई गांवों को होगा फायदा



चिल्लीमल के समाजसेवी अनूप मिश्रा ने कहा कि तिरहार क्षेत्र के बेलास, वीरघुमाई सुर्की, लमियारी, गडौली, ममसी, चांदी, तीरधुमाई गंगू, नैनी आदि के लोगों को फतेहपुर, कानपुर, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़ जाने के लिए सुगम व सस्ता मार्ग प्राप्त हो सकता हैं। चित्रकूट से अयोध्या की दूरी बहुत कम हो सकती है। –अनूप

### प्रस्ताव है विचाराधीन



गंगासागर चतुर्वेदी ने बताया कि सांसद आरके सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री को इस संबंध में पत्र लिखा था। बताया गया है कि शासन में पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव विचाराधीन है। पर कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।– गंगासागर

## पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन 553 अभ्यर्थी गैरहाजिर

चित्रकूट। पुलिस भर्ती के पहले दिन सभी 15 केंद्रों पर पहले दिन शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा हुई। दोनों पालियों में पंजीकृत 8688 में 553 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

18 फरवरी को भी दोनों पालियों में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। प्रदेश में सबसे बड़े परीक्षा केंद्र चित्रकूट इंटर कॉलेज में 1992 अभ्यर्थियों में 224 अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन और बोर्ड द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। केंद्र व्यवस्थापक डॉ. रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन कराने के सभी इंतजाम किए गए हैं। कालेज 7968 परीक्षार्थियों का केंद्र है। परीक्षा को संपन्न कराए जाने के लिए डीएम अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कई कालेजों में बने केंद्रों का निरीक्षण किया।

## सार-संक्षेप



स्मार्ट फोन मिलने पर खुशी जताते विद्यार्थी। अमृत विचार

### स्मार्ट फोन पाकर खुश हुए छात्र-छात्राएं

बरगढ़। सूरजभान शिव बालकराम महाविद्यालय में शनिवार को छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिए गए। भाजपा कानपुर इकाई के क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य श्याम नारायण शुक्ला ने विद्यार्थियों को इसका उपयोग पढ़ाई में करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर प्रबंधक सुरेश मिश्रा, अनुरुद्ध द्विवेदी, ग्राम प्रधान शैलेश शुक्ला, प्रधानाचार्य विनोद तिवारी, भाजपा के मंडल मंत्री अजय वर्मा व शक्ति केंद्र संयोजक राम कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।



विदाई समारोह के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी। अमृत विचार

### एक दूसरे से विदा हुए तो भावुक हो गए विद्यार्थी

बरगढ़ (चित्रकूट)। एमडी पब्लिक स्कूल में शनिवार को आगामी बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह हुआ। एक दूसरे से मिलकर छात्र-छात्राओं ने यादें ताजा कीं तो माहौल भावुक हो गया। धूमधाम से विदाई समारोह मनाया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने अपनी यादें बताईं और गीतों-नृत्य आदि की प्रस्तुतियां दीं। साथ ही रैंप वॉक कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य रोहित पांडेय ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि विदाई समारोह में एक जिम्मेदारी भरे अहसास की अनुभूति होती है जो देश के उज्ज्वल भविष्य की कड़ी से जुड़ती है। छात्रों को स्मृतिचिह्न प्रदान किए। प्रबंधक सुरेश मिश्रा और शिवशंकर, अमित, ज्ञान प्रकाश, रोहित, संजय, निवेदिता, नेहा, चांदनी, प्रिया, चेतना, लवली, ऋचा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ मुख्य शिक्षिका नेहा पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्रों की सामूहिक स्कूल बैंड, लघु नाटिका आदि की शानदार प्रस्तुति रही।



छात्रों को संबोधित करते भाजपा जिला महामंत्री। अमृत विचार

### सपा-बसपा ने वोट लिया, विकास भाजपा ने किया

मानिकपुर (चित्रकूट)। भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने छात्रावासों में जाकर अनुसूचित जाति के छात्रों से संवाद किया। भाजपाइयों ने कहा कि बसपा-सपा ने सिर्फ इनके वोट लिए पर विकास भाजपा ने किया। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्रावास में जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने दावा किया कि भाजपा की सरकार में युवाओं को रोजगार के सबसे ज्यादा अवसर मिले। स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से युवाओं को बैंको के माध्यम से कम ब्याज वाले ऋण दिलाए। भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष कुमार ने भी अन्य पार्टियों को कोसा। कहा कि किसी ने दलित समाज के उत्थान और विकास के लिए काम नहीं किया। प्रश्न किया कि सपा हो या बसपा इन्होंने भ्रमित करने के लिए भाजपा पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाया पर क्या आरक्षण खत्म हुआ। भाजपाइयों ने कहा कि विपक्ष के पास चुनाव लडने के लिए कोई विषय ही नहीं बचा। मोदी के नेतृत्व में सरकार राष्ट्र को मजबूत कर रही है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा राकेश कोल, पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र में चित्रकूट छुएगा नए आयाम: डीएम

## निवेश की उम्मीद

- जिलाधिकारी ने दी प्रगति संबंधी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आशा जताई कि जल्द ही चित्रकूट औद्योगिक क्षेत्र में नए आयामों को छुएगा। बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए प्रस्तावों पर अब काम शुरू होगा।

डीएम ने बताया कि 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 7047.37 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की शुरुआत होगी। 84 निवेशक प्रोजेक्टों पर काम शुरू करने जा रहे हैं। बताया कि गत वर्ष जनवरी-फरवरी में हुई इन्वेस्टर्स समिट में चित्रकूट व आसपास के जिलों के साथ दिल्ली-एनसीआर की कई कंपनियों ने निवेश की इच्छा जताई थी। 279 एमओयू हस्ताक्षरित हुए थे।

अब इन प्रस्तावों को धरातल पर लाने की तैयारी है। 19 फरवरी को सभी जिलों में जीबीएस का आयोजन होगा। चित्रकूट में भजन संध्या तथा तहसील मानिकपुर परिसर में यह आयोजन होगा। 279 एमओयू जो, 47391.97 करोड के हैं। आशा जताई कि इससे 24,707 लोगों को रोजगार मिलेगा। जीबीसी के लिए 7047.37 करोड लागत की 84 परियोजनाएं हैं। इनसे लगभग 6994 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### ये हैं कुछ बड़े प्रोजेक्ट



डीएम अभिषेक आनंद।

डीएम ने बताया कि बड़े प्रोजेक्टों में अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अंतर्गत टुस्को लिमिटेड (धनराशि 4700 करोड़), उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत शाहस्त्रभुज फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (धनराशि 500 करोड़), शुक्ला एंटरप्राइजेज (200 करोड़) व उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत वरुण बेवरेज लिमिटेड (496 करोड़) के प्रोजेक्ट संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त पर्यटन के क्षेत्र में श्री बिंदीराम होटल द्वारा 25 करोड़ व राम कृपा हॉस्पिटल द्वारा पांच करोड़ के प्रोजेक्ट संचालित करने की तैयारी है। निवेशकों के लिए तहसील मानिकपुर में 22 गांवों की 482 .818 हेक्टेयर व तहसील मऊ में 19 गावों की 192 .194 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गयी है। यूपीडा के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए विकास खंड पहाड़ी में 300 हेक्टेयर तथा यूपीसीडा के लिए 70 हेक्टेयर बरगढ़ क्षेत्र में अधिग्रहण की कार्यवाही चल रही है।

# गौशाला में व्यवस्थाओं पर जताई संतुष्टि

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

अमृत विचार। जिला पशु चिकित्साधिकारी प्रभात कुमार व अन्य लोगों ने खरसेड़ा की गौशाला का मुआयना किया। चिकित्सक ने व्यवस्था देखकर संतुष्टि जताई।

ग्राम पंचायतों में गौशालाओं की व्यवस्था को लेकर सरकार के सख्त निर्देश हैं कि पशुओं के लिए भूसा-चारा, पानी तथा अन्य व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसके लिए अधिकारियों को समय समय पर इनके मुआयने के भी निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को जिला पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रभात कुमार, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी पहाड़ी डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह ने खरसेडा की गौशाला का औचक निरीक्षण किया। दोनों ने चारा भूसा गोदाम को भी देखा और पानी की व्यवस्था, गौवंशों के रहने आदि जगहों का औचक निरीक्षण किया। गौशाला में मौजूद गोवंशों की गणना की। तीन सौ गौवंश मौजूद रहे। इस मौके पर ग्राम प्रधान लवदीप शुक्ला तथा गौशाला के कर्मचारी मौजूद रहे।

# नुकसान का आंकलन कर दिलाएं मुआवजा



गांवों में फसल देखते सदर विधायक अनिल प्रधान। अमृत विचार

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। सदर विधायक अनिल प्रधान ने गांव-मजरों में जाकर अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों को मौके पर जाकर देखा। कृषि और राजस्व विभाग के अफसरों से मोबाइल पर बात की और सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजने और किसानों को मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। 12 फरवरी की रात अचानक तेज बारिश और ओलावृष्टि से कई गांवों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। विधायक ने ग्राम पंचायत रसिन के मजरे अलखू खेर और अन्य जगहों पर जाकर फसलों को देखा। किसानों ने कर्ज लेकर फसल बोई थी और अब यह चौपट हो गई है। कई जगहों पर तो सौ फीसदी फसल खराब हो गई। अगर सरकार ने मदद नहीं की तो ये भूखों मरने की कगार पर आ जाएंगे। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द सर्वे रिपोर्ट भेजें।

उपलब्धि | लोग बोले– विलक्षण प्रतिभा को मिला उचित सम्मान


# जगद्गुरु को पुरस्कार मिलने से तीर्थक्षेत्र में हर्ष

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के संस्थापक और जीवनपर्यंत कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य को भारतीय साहित्य में अप्रतिम योगदान के लिए भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा साहित्य का सर्वोच्च पुरस्कार ज्ञानपीठ से सम्मानित किए जाने से जिले में हर्ष की लहर है। लोगों ने कहा कि विलक्षण प्रतिभा को उचित पुरस्कार मिला है।

जगद्गुरु के निजी सचिव कुलाधिपति आरपी मिश्रा ने बताया कि गुरुदेव शिक्षाविदों के लिए अमूल्य धरोहर हैं और धार्मिक क्षेत्र में भी महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। अब तक लगभग 250 ग्रंथों का लेखन किया है। साहित्य सेवा के साथ वह समाजसेवा, दिव्यांगजन सेवा, संत सेवा, गोसेवा में भी योगदान देते रहे हैं। प्रभारी पीआरओ सुधीर कुमार ने बताया कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने से उनके द्वारा संचालित प्रकल्पों तुलसीपीठ सेवा न्यास और तुलसी प्रक्षा चक्षु बधिर विद्यालय कामतन व जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है।

तुलसीपीठ के युवराज आचार्य रामचंद्र दास, कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय, कुलाधिपति के निजी सचिव आरपी मिश्रा, कुलसचिव मधुरेंद पर्वत, डा. मनोज पांडेय, डा. विनोद मिश्रा, डा. महेंद्र उपाध्याय, एसपी मिश्रा, डा. ज्योति वैष्णव, डा. विशेष दुबे, हरिश्चंद्र मिश्रा, दलीप कुमार, रवि प्रकाश शुक्ला, डा. रजनीश सिंह, हरिंद्र मोहन मिश्र, डा. प्रमिला मिश्रा, डा. रीना पांडेय, डा. नीतू तिवारी, डा. प्रतिमा शुक्ला आदि ने भी बधाई दी।



जगद्गुरु रामभद्राचार्य। अमृत विचार

### जानिये जगद्गुरु रामभद्राचार्य के बारे में

मूल रूप से जौनपुर जिले के शांतिखुर्द निवासी पं. राजदेव मिश्रा और शचि देवी के पुत्र रामभद्राचार्य का पूर्व नाम गिरिधर मिश्र है। उनका जन्म 14 जनवरी 1950 में मकर संक्रांति के दिन हुआ। उच्च शिक्षा संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में हुई। बताते हैं कि उनको गिरिधर नाम उनके दादा पंडित सूर्यबली मिश्र की बहन ने दिया था। वह भगवान कृष्ण की भक्त थीं। उनको लगभग 22 भाषाओं का ज्ञान है और संस्कृत भाषा में पारंगत हैं। लगभग सौ से अधिक किताबें लिख चुके जगद्गुरु संस्कृत के साथ हिंदी, अवधी, मैथली भाषाओं में आशुकवि और रचनाकार हैं। रामकथा कहने के दौरान अक्सर मंच पर तत्काल भजन बनाकर गाने का गुण भी उनमें है। जानकारी के अनुसार, दो माह की उम्र में ही उनके नेत्रों की ज्योति ट्रेकोमा नामकी बीमारी से संक्रमित होने से चली गई थी। ट्रेकोमा का इलाज करने के दौरान गांव की ही एक बुजुर्ग महिला ने हरड़ का लेप लगा दिया था, जिससे उनकी आंखों से खून बहने लगा था। किंग जार्ज में कई दिन के इलाज के बाद भी उनकी नेत्रज्योति बचाई नहीं जा सकी। इसके बाद भी गिरिधर ने हिम्मत नहीं हारी और जगद्गुरु रामभद्राचार्य के रूप में प्रतिष्ठित हुए। उनका उद्घोष वाक्य है, मानवता मेरा मंदिर है और मैं उसका पुजारी हूं। दिव्यांग मेरे सर्वोच्च भगवान हैं और मैं उनकी कृपा का साधक हूं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा: सख्ती ऐसी कि परिंदा भी पर न मार सके

## अभ्यर्थियों को सघन चेकिंग के बाद ही मिल सका प्रवेश, शांतिपूर्ण निपटी परीक्षा, प्रशासन ने ली राहत की सांस

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन शहर में परीक्षार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। परीक्षा के दौरान सभी 11 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। सख्त चेकिंग के बाद ही परीक्षा केंद्रों के अंदर परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। पहले दिन दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण आयोजित हुई।

जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। दो दिवसीय परीक्षा में जनपद में कुल 5016 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक दंडाधिकारियों व पुलिस जवान परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व जांच कर अंदर जाने दी। जोनल दंडाधिकारी व उड़नदस्ता दल परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहे। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू रही। साथ ही फोटो स्टेट आदि की दुकानें भी बंद रही। मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा हॉल में जाने से पूर्व जमा करा लिया गया। अभ्यर्थियों को सिर्फ बॉल पेन ले जाने की अनुमति दी गई। उनके जूते, बैग व अन्य सामान केंद्र के मुख्य द्वार पर ही रखवा दिए गए। कई-कई बार चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को अंदर जाने दिया गया। चेकिंग के दौरान कई अभ्यर्थियों से आपत्तिजनक सामग्री मिली तो चेकिंग दल ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। सामग्री छीनकर हिदायत देते हुए परीक्षा केंद्र के अंदर जाने दिया गया। परीक्षा केंद्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं रही। सभी जगह सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। हर कैमरे पर एक दरोगा को तैनात किया गया। सभी केंद्रों पर पुलिस तैनात की गई। इस बार एसटीएफ और क्राइम ब्रांच को भी ऐसे गिरोह पर नजर रखने के लिए लगाया गया, जो परीक्षा में भर्ती कराने का ठेका लेते हैं। जिससे परीक्षा संपन्न हुई।



परीक्षा केंद्र सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ऐसे चला तलाशी अभियान।



परीक्षा केंद्र पं.जेएन कॉलेज में निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

### सवाल देखकर चकराए

पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में प्रश्नपत्र में आए सवालों से परीक्षार्थी उलझे रहे। पहली पाली के प्रश्नपत्र मे सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति रिजनिंग, मैथ, विज्ञान, इतिहास व अर्थशास्त्र विषय ये सवाल पूछे गए। परीक्षार्थी राकेश वर्मा, दिव्यांशु त्रिपाठी, राघवेंद्र सिंह ने बताया कि अबकी प्रश्न पत्र परीक्षार्थियों के आकलन के ज्यादा कठिन रहा। प्रश्नपत्र लेंथी भी रहा। जिससे परीक्षार्थियों को अधिक माथापच्ची करनी पड़ी।

### डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस भर्ती के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आर्यकन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते हुए डीएम ने परीक्षार्थियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा उनके बायोमैट्रिक उपस्थिति की जानकारी लेते हुए सतर्कता रखने के निर्देश दिये। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज में स्टेटिक मजिस्ट्रेट व संबंधित अधिकारियों को नकलविहीन परीक्षा कराने को कहा। आदर्श बजरंग इंटर कालेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए प्रत्येक कक्ष की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिये।

# सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक थे भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- कांग्रेसियों ने पुण्य तिथि पर पूर्व मुख्यमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को पुण्य तिथि पर याद करते हुए पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर सामाजिक समता के प्रबल योद्धा थे। उन्होंने बिहार में विषमता, सामंतवाद, पूंजीवाद और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध अनवरत संघर्ष किया।

स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में शनिवार को भारत रत्न व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्य तिथि पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाई। जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में अहम योगदान दिया। वह सामाजिक समता के प्रबल योद्धा थे। उन्होंने बिहार में विषमता, सामंतवाद, पूंजीवाद और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध अनवरत संघर्ष किया। गरीबों के रहनुमा बनकर शोषितों व वंचितों के अधिकार के लिए संघर्षरत रहे। डॉ.केपी सेन ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर ने अति पिछड़ा को पंचायत चुनाव में आरक्षण देकर समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को अगले पंक्ति में लाने का प्रयास किया। गरीबों, पिछड़ों और दलितों के मसीहा और सर्वहारा समाज के हिमायत करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री व भारत रत्न जन-जन के दिलों में जीवित रहेंगे। इस मौके पर बी.लाल, शिवबली सिंह, शोएब रिजवी, रफत खां गोगा, अशरफ उल्ला रंपा, जीलानी दुर्रानी, शब्बीर सौदागर, अशोकवर्धन कर्ण रहे।



कव्वाली की महफ़िल में सज्जादा नशीन व अन्य। अमृत विचार

# 'तुम बदल देते हो किस्मत को ...'

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- छिपटहरी में 24वें उर्से नकीबुल औलिया का आयोजन

**अमृत विचार:** शहर के छिपटहरी स्थित खानकाहे मसूदिया में नकीबुल औलिया सैय्यद सरताज मासूदी उर्फ मुबीन मियां का 24वें एक दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया। उर्स में कुरान ख्वानी, चादर पोशी, फातेहा, लंगर और खानकाही कव्वालियों के साथ चादर जुलूस उठाया गया।

उर्स की शुरुआत सुबह मसूदी आवास में कुरानख्वानी से हुई, इसके बाद नात, मनकबत और तकरीर की महिफल सजी, जिसमें मौलाना शफीकुर्रहमान ने वलियों के मर्तबे पर तकरीर की। सैय्यद फाजिल मसूदी लखनवी ने कलाम पढा 'दर पर हैं हाज़िर, अहले अकीदत, सरताजे मिल्लत, सरताजे मिल्लत। इसके अलावा बहुत से शायरों ने कलाम सुनाए। जुलूस के खानकाहे मसूदिया पहुंचने के बाद नकीबुल औलिया सैय्यद सरताज मसूदी की दरगाह में चादर पोशी की गई। फातेहा पढ़ी गई और मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी गई। रात में मासूदी आवास में खानकाही कव्वालियों की महफिल सजी, जिसमें कव्वाल शबी खैराबादी ने कलाम पढ़ा 'तुमको पाया है जमाने से किनारा करके, तुम बदल देते हो किस्मत को इशारा करके'। राजू मुरली ने भी कलाम सुनाए। कार्यक्रम में खानकाहे मसूदिया के सज्जादा नशीन सैय्यद आफताब मसूदी, उर्फ आरिफ मियां, सैय्यद मेराज मसूदी उर्फ अकील मियां, शहर काजी बांदा, सैय्यद आमिर मसूदी, सैय्यद कामिल मसूदी, सैय्यद यासिर मसूदी, हस्सान मसूदी, डॉ.शीबू नियाज़ी रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**नरैनी :** बाइक से गांव जा रहे दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के लहुरेटा गांव के मजरा विश्वनाथ पुरवा निवासी राजेश (18) पुत्र रज्जी अपने चचेरे भाई राजेश (22) पुत्र रामआसरे के साथ बुआ के घर पड़मई दवा देने गए थे। शाम को दोनों लोग बाइक में बैठकर गांव जा रहे थे। तभी भवई सरई के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को उठाकर सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घर वालों ने दोनों को यहां लाकर भर्ती कराया, लेकिन मौत हो गई।

# मिलन समारोह में 850 ने ओढ़ा भगवा चोला

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- भाजपा का दामन थामने वालों में सपा, बसपा, कांग्रेस नेता शामिल
- सदर विधायक व सांसद ने सभी का किया स्वागत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने सपा, बसपा, कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दलों में सेंधमारी तेज कर दी। इसी क्रम में सदर विधान सभा क्षेत्र में आयोजित मिलन समारोह के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के 850 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी में शामिल होने वालों का सदर विधायक व सांसद समेत अन्य भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

सदर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत शहर के डीएवी इंटर कालेज के नजदीक मैरिज हॉल में भाजपा का भव्य मिलन समारोह आयोजित हुआ। मिलन समारोह कार्यक्रम में विभिन्न राजनैतिक दलों से लगभग 850 लोगों ने नीति और रीति पर विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थामा। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा की भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। भाजपा पार्टी मात्र नहीं देश की करोड़ों जनता के लिए विचार है। भाजपा में पदाधिकारी बदलते हैं, लेकिन विचार नहीं। सिर्फ भाजपा में ही बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच पाता है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा इस अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि विशेष सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए टोल फ्री नंबर 8140200200 जारी किया गया है। टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल के अलावा भाजपा की ओर से जारी क्यू-आर कोड स्कैन करके भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जा सकती है। सदर विधायक व सांसद ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों को माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही भाजपा की नीतियों और रीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर सदर विधान सभा क्षेत्र सदस्यता कार्यक्रम संयोजक राजकुमार राज, सह संयोजक पंकज रैकवार, विवेकानंद गुप्ता, कल्लू राजपूत, अखिलेश नाथ दीक्षित, उत्तरी नगर मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता, दक्षिणी नगर मंडल अध्यक्ष राकेश गुप्ता दद्दू, बिसंडा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह. पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, को-ऑपरेटिव बैंक डायरेक्टर राजभवन उपाध्याय, मनोज जैन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आरिफ खां समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




सदस्यता ग्रहण करते विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपा में शामिल होने वालों में यह रहे प्रमुख

मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान भाजपा में शामिल होने वालों में बसपा पूर्व सचिव अशोक वर्मा, सपा छात्र सभा प्रदेश सचिव अर्नव प्रताप निगम, सपा युवजन सभा बूथ अध्यक्ष प्रदीप सिंह व पिपरी बूथ अध्यक्ष दिनेश साहू, सपा सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीराम यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी छोटेलाल यादव, आरएन इंस्टीयूट प्राचार्य डॉ.अजय कुमार पांडेय, जिला परिषद कृषि महाविद्यालय पूर्व प्राचार्य राजेश सिंह परिहार, राजा देवी डिग्री कालेज प्रवक्ता जयकिशोर तिवारी, आर्यावर्त बैंक पूर्व प्रबंधक बिंदा प्रसाद सोनी शामिल हुए।

# युवक ने पेड़ पर लगाई फांसी

- गिरवां थाना क्षेत्र के छिबांव गांव का मामला

**बांदा।** गेहूं की फसल देखने खेत गए युवा किसान ने खेत पर लगे अमरूद में पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया।

गिरवां थाना क्षेत्र के छिबांव गांव निवासी पवन मिश्रा (28) पुत्र जगन्नाथ मिश्रा शुक्रवार की दोपहर खेत गेहूं की फसल देखने गया था। खेत पर लगे अमरूद के पेड़ पर रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। देर शाम जब वह घर नहीं पहुंचा तो खेत पहुंचे बड़े भाई अखिलेश ने शव फंदे पर लटकता देखा तो वह चीख पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बड़े भाई अखिलेश ने बताया कि वह चाचा कृष्ण कुमार का खेत बंटाई में लिए था। वह गेंहू की फसल देखने गया था। पता नहीं उसके दिमाग में क्या सूझी कि उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। घटना का कारण अज्ञात है। मृतक दो भाइयों में छोटा था।

# सपा यूथ फ्रंटल के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया नगर बिजली खेड़ा में शनिवार को समाजवादी युवजन सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आमिर खान मन्नी, लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव अमोल यादव और तिंदवारी विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद निषाद का पार्टी के कार्यकर्ताओं और नौजवानों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है, जो नौजवानों के सम्मान समेत हक और हुकूक की लड़ाई लड़ती है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा नौजवानों को पार्टी से जोड़ना है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आमिर खान मन्नी ने कहा कि समाजवादी सरकार में मुख्यमंत्री रहते अखिलेश यादव ने नौजवानों के अनेकों कार्य किए। युवा नेता ओम नारायण त्रिपाठी विदित ने कहा कि आज इस सरकार से समाज का हर वर्ग पीड़ित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने की। बैठक में कुतैबा जमा खां, हरिश्चंद्र सोनकर, एजाज खान, असलम खान, जाबिर राइन, आदिल हुसैन, शकील अंसारी, रईस अहमद, लालमन यादव, अरशद खान, नीरज यादव, धीरज द्विवेदी, अनूप मिश्रा, नीलेश श्रीवास, अबरार फारुकी, चांद बेग, जन्मेजय सिंह, अर्चना पटेल किरण यादव, मुशीर फारुकी समेत सैकड़ों नौजवान उपस्थित रहे।




पदाधिकारियों का स्वागत करते ओमनारायण त्रिपाठी विदित। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



पहलवानों का हाथ मिलवाते बबेरू विधायक विशंभर यादव। अमृत विचार

### बांदा के प्रतीक पहलवान ने जीती चैंपियन की शील्ड

**बांदा :** नवाब टैंक में गुरु रामदास पहलवान द्वारा विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर झांसी, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, बनारस और दिल्ली के नामीगिरामी पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बबेरू विधायक विशंभर यादव और सपा नेता ओमनारायण त्रिपाठी विदित ने पहलवानों का हाथ मिलवाया। दंगल में चैंपियन की शील्ड प्रतीक पहलवान बांदा ने दिल्ली के हाफिज पहलवान को पटखनी देकर प्राप्त की। यह शील्ड संत शरण अवस्थी उर्फ दादू पहलवान, धर्म जागरण मंच आरएसएस, जिला सहसंयोजक यशवंत भाई, भारतीय जनता पार्टी नगर मंत्री समेत शहर के गणमान्य नागरिकों ने देकर पहलवानों को उत्साहित किया।

### पलरा में दो सौ से ज्यादा मरीजों का हुआ निःशुल्क नेत्र परीक्षण

**पैलानी :** तहसील अंतर्गत पलरा ग्राम पंचायत में खेरापति मंदिर के पास पूर्व प्रधान चंद्रभूषण मिश्रा ने शनिवार को नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन करवाया। परीक्षण शिविर अधिवक्ता आशीष कुमार मिश्रा व पंकज मिश्रा के संयोजकत्व में आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ पंकज मिश्रा ने सदगुरु महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड से आए चिकित्सकों ने दो सौ से अधिक मरीजों का परीक्षण किया और दवा वितरित की। साथ ही 20 मरीजों को चश्मे दिए गए। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 14 मरीजों को एडमिट किया गया। बाद में उन्हें लेंस प्रत्यारोपण के लिए जानकीकुंड नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। शिविर में नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ.पंकज गुप्ता, नेत्र सहायक अनुज द्विवेदी, परामर्श दाता विनय मिश्रा, ऑप्टिकल बृजेश, मेडिसिन नरोत्तम समेत राजबलि व संजय का विशेष योगदान रहा।

### शिवचेतन ब्रह्मचारी उत्तराधिकारी नियुक्त

**बांदा :** नगर के धार्मिक आस्था के केन्द्र नागाबाबा आश्रम पीताम्बरा पीठ पंचानन महादेव मन्दिर में शनिवार को ओम चेतन ब्रह्मचारी (खड़ेश्वरी बाबा) महन्त नागाबाबा आश्रम ने अपने शिष्य शिवचेतन ब्रह्मचारी को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आश्रम के उत्तराधिकारी के रूप में महन्त नियुक्त किया। इस अवसर पर दादागुरू स्वामी शिवानंद सरस्वती गुड़गांव, महामंडेलश्वर रामशरण दास कुल्लू, महामंडेलश्वर पतित पावन दास गुजरात, महामंडलेश्वर परमेश्वर दास कुरसेजा धाम, महामंडलेश्वर नरोत्तमदास सिंन्धनकलां, महन्त परसुराम दास गंज बासौदा, महन्त त्रिलोकीराम दास ओरछा, महन्त अवधेश दास बयाना, महन्त रामस्वहान दास, महन्त रामलखनदास सुदामाकुटी चित्रकूट, महन्त ब्रजराजदास, महन्त भाधवदास, महन्त सन्तदास समेत सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, आशुलिपिक सीडीओ अनूप रावत समेत हजारों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

**बबेरू :** मर्का थाना क्षेत्र के अधाव गांव निवासी मोहनलाल (22) पुत्र जमुना प्रसाद ने शुक्रवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को पता चला। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विरोध — एसडीएम ने की ओवरलोड ट्रक पर कार्रवाई, भाजपा नेता ने तिंदवारी से लेकर मुख्यालय तक जुलूस निकाला

# अवैध खनन पर रार, ट्रक एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**50** हजार रुपये तक प्रति टन इंट्री फीस जमा कराते हैं

**02** माह पहले एक मामला जसपुरा क्षेत्र में आया था

**अमृत विचार:** अवैध खनन और ओवरलोडिंग का खेल अफसरों और सत्ताधारियों के बीच ही रार करवा रहा है। सत्ताधारी दल के एक नेता ने एसडीएम सदर, खनिज अधिकारी समेत अफसरों पर ट्रक चालकों से मारपीट और अवैध वसूली करने के साथ ट्रांसपोर्टर्स का उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा नेता की अगुवाई में ट्रक एसोसिएशन ने तिंदवारी थाने का घेराव कर दोषी अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की और कलेक्ट्रेट परिसर में जिला प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जहां एक ओर सीमावर्ती मध्यप्रदेश समेत समूचे जिले में खुलेआम चल रहे अवैध खनन से बालू माफिया और अफसरशाही मोटी रकम कमा कर अपनी जेबें भर रहे हैं। वहीं जिले के ट्रांसपोर्टर्स खुद को उत्पीड़न का शिकार बता रहे हैं। ट्रांसपोर्टर्स का कहना है कि अधिकारी जहां रास्ते में रोक कर ट्रक चालक और मालिक से अवैध वसूली की बात करते हैं, वहीं अवैध वसूली की डील न होने पर अवैध खनन व ओवरलोडिंग का आरोप लगाकर कार्रवाई कर देते हैं। ऐसे में ट्रक मालिक बर्बादी की कगार पर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को ऐसा ही एक मामला तिंदवारी थाने के कुरसेजा चौकी के पास सामने आया। जिसमें एसडीएम सदर और खनिज अधिकारी पर ओवरलोड ट्रक के चालक के साथ मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाया गया। घटना से आक्रोशित होकर जहां भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह की अगुवाई में बुंदेलखंड ट्रक एसोसिएशन ने एसडीएम व खनिज अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा नेता की अगुवाई में करीब एक सैकड़ा लोग तिंदवारी थाने पहुंच गए और संबंधित अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करने का दबाव बनाया। थाना प्रभारी ने मामले की जांच की बात करके उन्हें टरका दिया तो बुंदेलखंड ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष जयराम सिंह की अगुवाई में भाजपाइयों व ट्रक मालिकों ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष जयराम सिंह का कहना है कि बालू के खेल में जहां बालू कारोबारी और अधिकारी रकम काट रहे हैं, वहीं ट्रक चालकों और मालिकों को उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि बालू खदानों में हो रहे अवैध खनन और परिवहन पर कोई कार्रवाई नहीं होती और न ही अफसरों की ही कोई जिम्मेदारी तय होती है। बताया कि बालू भरे ट्रकों को रोक कर पहले उनसे अवैध वसूली की डीलिंग की जाती है और डील फाइनल न होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई कर दी जाती है। भाजपा नेता और बुंदेलखंड ट्रक एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार को ब्लॉक प्रमुख दीपशिखा सिंह के लेटर पैड पर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा और संबंधित अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा, शिवशरण सिंह पप्पू रहे।



प्रदर्शन करते भाजपा नेता व ट्रक ऑपरेटर्स। अमृत विचार

### पहले भी आ चुका है भाजपा नेता के ट्रक रोकने का मामला

ऐसा पहली बार नहीं है कि भाजपा नेता के ट्रक रोकने के मामले ने तूल पकड़ा हो, करीब दो माह पहले भी ऐसा ही एक मामला जसपुरा थाना क्षेत्र में सामने आया था। जिसमें भाजपा नेता के ट्रक रोकने को लेकर काफी हो हल्ला मचा था और जसपुरा थाने के एक उप निरीक्षक समेत तीन पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। एसडीएम सदर रजत वर्मा का कहना है कि भाजपा नेता के ट्रक को रोककर उन्होंने कानूनी कार्रवाई की है। जबकि मारपीट या गाली गलौज के आरोप सरासर गलत हैं। उनका कहना है कि ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई का दौर लगातार जारी है और किसी के दबाव में इसे रोका नहीं जाएगा।

### एंट्री फीस के नाम पर होती अवैध वसूली

बुंदेलखंड ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष जयराम सिंह ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा है कि जिले की सभी बालू खदानों से ओवरलोड ट्रक निकलते हैं और इसके एवज में संबंधित अफसरों की मोटी कमाई भी होती है। बताया कि इंट्री फीस के नाम पर प्रति ट्रक 50 हजार रुपए तक की धनराशि जमा कराई जाती है। इंट्री न देने वाले ट्रकों को सीज कर दिया जाता है। बताया कि प्रतिदिन गुजरने वाले करीब एक हजार बालू भरे ओवरलोड ट्रकों की एंट्री के नाम करीब लाखों रुपए का बंदरबांट अधिकारी आपस में करते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती। उधर ट्रकों से हो रही अवैध वसूली के चलते ट्रक मालिक बर्बादी की कगार पर पहुंचते जा रहे हैं। कहना है कि बालू खदानों से ही ओवरलोडिंग का खेल शुरू होता है, लेकिन अधिकारी केवल ट्रकों पर कार्रवाई करके कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। जबकि हकीकत यह है कि कोई भी ट्रक मालिक बिना ओवरलोडिंग के अपना खर्चा भी नहीं निकाल सकता है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुरू हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

## परीक्षा केंद्रों में पुलिस फोर्स और अफसरों की कड़ी निगरानी के चलते नहीं हुई नकल , शांतिपूर्ण ढंग से हुई पहले दिन की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा शनिवार को भारी गहमा गहमी के बीच संपन्न हुई। दूर दूर से आए परीक्षार्थी सुबह आठ बजे से परीक्षा केंद्रों में पहुंच गए। परीक्षार्थियों की गेट पर ही चेकिंग करने के बाद उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया, इसके बाद कक्षों में प्रवेश करने से पहले कक्ष निरीक्षकों ने तलाशी लेने के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया, जिससे परीक्षा में कोई भी नकलची नकल करते नहीं पकड़ा और शांतिपूर्ण तरीके से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न हुई।

सुबह पहली पाली में 10 से 12 बजे तक परीक्षा संपन्न हुई, लेकिन परीक्षार्थियों को 20 मिनट पहले ही परीक्षा केंद्रों के अंदर कर लिया गया, जिससे समय से परीक्षा संपन्न हो सके। इसी तरह दूसरी पाली में 3 से 5 बजे तक होने वाली परीक्षा में करीब डेढ़ घंटे पहले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया, इसके बाद एक एक परीक्षार्थी की तलाशी ली गई। बाद में परीक्षा कक्षों में प्रवेश से पहले पुनः तलाशी हुई। किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर सहित किसी भी तरह की अपत्तिजनक सामग्री अंदर ले जाने से पहले ही बाहर रखवा दी गई। परीक्षा खत्म होने के बाद परीक्षार्थी अपनी अपनी सामग्री और मोबाइल पाने के लिए लाइन पर लगे रहे।

जिले के राजकीय बालिका इंटर कालेज, राजकीय मकुंदलाल इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, संत जोसफ्स स्कूल, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज सहित 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जहां पर दूर दराज से आए परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रों में समय से पहुंचकर परीक्षा दी। परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों में भारी पुलिस बल अंदर बाहर तैनात रहा। इतना ही नहीं अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सदर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महोबा पुलिस फोर्स के साथ एक के बाद एक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लेते रहे। वहीं दूसरी तरफ सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने भी परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराने के लिए केंद्रों का जायजा लिया और व्यवस्थाएं देखते रहे।



परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद परीक्षार्थी। अमृत विचार



परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

### रोडवेज में की गई हेल्प डेस्क की व्यवस्था

पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने बेहतर इंतजाम किए, इससे बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो इस वजह से बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई, जहां पर बाहर से आने और जाने वाले परीक्षार्थियों को हेल्प डेक्स से बसों की जानकारी और परीक्षा केंद्रों की भी जानकारी दी गई। हेल्प डेस्क में बैठे रोडवेज कर्मचारी कौन बस कहां जा रही है, उसका पल पल में बाहर बैठकर एनाउंस करते रहे, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो ।

### परीक्षार्थियों की भीड़, खूब बिका चाय-समोसा

हजारों की संख्या में पुलिस पदों पर सीधी भर्ती के लिए परीक्षा देने आए परीक्षार्थी सुबह सात बजे से ही आल्हा चौक, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व पुनारी प्राइवेट बस स्टैंड पर चाय नाश्ते के लिए पहुंच गए, सुबह से ही परीक्षार्थियों के खानपान और नाश्ते के लिए रोडवेज सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंच जाने से समोसा, भजिया, जलेबी, पोहा विक्रेताओं की जमकर बिक्री हुई सबसे ज्यादा बिक्री चाय समोसे और पोहा की हुई। ईरिक्शा और टैक्सी संचालकों ने भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक लाने और ले जाने में अच्छी खासी कमाई की।

### परीक्षा केंद्र के बाहर पंडाल लगाकर जमा कराया सामान

परीक्षार्थियों के सामान पर परीक्षा केंद्रों में ले जाने पर रोक होने के कारण परीक्षा केंद्रों के बाहर पंडाल लगाकर पुलिस कर्मचारियों की मौजूदगी में सामान जमा कराया, परीक्षार्थियों को सामान को लेकर किसी भी तरह की असुविधा नही हुई। इतना ही नहीं लगाए गए पंडालों में कई कई पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जो व्यवस्थित तरीके से सामान जमा करा रहे थे और परीक्षा के बाद संबंधित व्यक्तित को वापस करने में जुटे रहे।

### होटल बुक होने से परीक्षार्थियों ने स्टेशनों पर गुजारी रात

परीक्षा केंद्रों पर डेढ़ घंटे पहले बुलाए जाने के चक्कर में दूर दराज से आए युवकों ने रात में ही जिला मुख्यालय में डेरा जमा लिया था, कुछ लोगों ने होटल ले लिया तो वहीं कुछ ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के अलावा इधर उधर रात गुजारी, अधिकांश होटल बुक हो जाने के कारण बाहर से आए परीक्षार्थी होटल न मिलने से भटकते रहे। तमाम परीक्षार्थियों ने रेलवे स्टेशन की रोशनी और बस स्टाप में जल रहे बल्बों के नीचे बैठकर पढ़ाई भी की।

# भटके परीक्षार्थियों को पुलिस ने पहुंचाया केंद्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- उम्मीद छोड़ चुके परीक्षार्थियों की पुलिस ने की मदद

**अमृत विचार।** जिले में शनिवार से शुरू हुई दो दिवसीय उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में दूर दराज से आए दो परीक्षार्थियों को देरी से आने पर पुलिस ने अपने वाहन से जिला मुख्यालय से चरखारी तक करीब बीस किमी. दूर भेजकर उनकी मदद की। समय से परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पहुंचने पर खासे खुश दिखाई दिए और जिले की पुलिस की जमकर तारीफ की।

दिल्ली से परीक्षा देने आई युवती जिले के कस्बा चरखारी में जेम्स इंटर कालेज में सेंटर पड़ने के कारण वह भूलवश मिलता जुलता सेंटर देखकर संत जोसफ्स महोबा परीक्षा केंद्र पहुंच गई, बाद में पता चला कि उसका केंद्र तो चरखारी के विद्यालय में है, जिससे महिला परीक्षार्थी चरखारी तक समय से न पहुंच पाने के कारण मायूस हो गई और पुलिस से अपनी कहानी बताई। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को जानकारी मिलने पर उसे सरकारी वाहन से समय से परीक्षा केंद्र चरखारी पहुंचाया, जिससे वह समय से परीक्षा केंद्र पहुंच सकी।

परीक्षा के बाद महिला ने तमाम लोगों से यूपी पुलिस की खासी सराहना की।

इसी तरह परीक्षार्थी खुशबू उत्तराखंड से परीक्षा देने आयी हुई थी जो सेंटर के मिलते जुलते नाम की वजह से राजकीय इंटर कालेज श्रीनगर महोबा के बजाय राजकीय इंटर कॉलेज महोबा परीक्षा केंद्र पर भूलवश आ गई थी, महिला अभ्यर्थी को जब इंट्री गेट से वापस किया गया, तब उसको गलती को अहसास हुआ जिससे वह फूट फूट कर रोने लगी।

इस पर थाना कोतवाली नगर महोबा निरीक्षक अपराध गोपालचन्द्र कन्नौजिया द्वारा अपनी सरकारी गाड़ी से महिला अभ्यर्थी को उसके मूल सेन्टर थाना श्रीनगर भेजा गया जिससे वह अपनी परीक्षा में प्रतिभाग कर सकी।

### पुलिस ने पश्चिम बंगाल की परीक्षार्थी का खोजा बैग

पश्चिम बंगाल से पुलिस परीक्षा में सम्मिलित होने आयी पूजा यादव का बैग ऑटो में छूट गया था, जिसमें अभ्यर्थी के समस्त कागजात व पैसे भी थे, इससे वह काफी निराश थी। इसकी जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दूबे को दी। सीओ ने त्वरित मामले को संज्ञान लिया और महिला अभ्यर्थी को संबल प्रदान कर उसके बैग को खोजकर सकुशल परीक्षार्थी को दिया गया, परीक्षार्थी द्वारा बैग को चेक किया गया समस्त कागजात व रुपये पैसे बैग में मिले, परीक्षार्थी को सकुशल अपने सेंटर पर भेजा गया जिससे परीक्षा में समय से प्रतिभाग कर सकी।

# बोलेरो की टक्कर से अधेड़ घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दोनों घायलों को डाक्टरों ने नाजुक हालत में मेडिकल कालेज झांसी भेजा

**अमृत विचार।** जिले में दो अलग अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में एक बालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है।

शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी हारुन (45) किसी काम सवारी वाहन से सूपा गांव गया था, सूपा रोड पर वाहन के रुकते ही उतरते समय हारुन को पीछे से आ रही बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर तीन जगह से टूट गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक गाड़ी लेकर भाग गया।

**छत से गिरकर मासूम बेहोशः** थाना बिवांर के छानीकला गांव में घटी, छानीकला निवासी अनंदी का एक साल का पुत्र छत पर खेल रहा था। माता पिता इधर उधर चले गए, तभी वह खेलते खेलते छत से नीचे गिर गया। आनन फानन में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर मासूम की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

### टोला तालाब में वृद्ध की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**महोबा।** कस्बा चरखारी के टोला तालाब में वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। आखिर घर से सब्जी लेने की बात कहकर निकला वृद्ध जंगल में बने टोला तालाब कैसे पहुंच गया, इसे लेकर लोगों व परिजनों में संशय बना हुआ है। कस्बा चरखारी मोहल्ला नयापुरा निवासी बैनीप्रसाद (63) तीन साल पहले लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त हुआ था। वह पेंशन भी पा रहा है। वृद्ध की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत से उसके साथी भी हैरान हैं। उनके साथियों का कहना है कि मृतक बेहद सज्जन और मिलनसार व्यक्ति था। यही बात मृतक के परिजन भी कह रहे हैं, लेकिन वह जंगल में बने तालाब में कैसे पहुंच गया, इसे लेकर परिजन और उसके साथी भी परेशान है।

### बाइक पेड़ से टकराई, घायल

**महोबा।** शादी का कार्ड बांटने जा रहा बाइक सवार युवक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे सड़क किनारे लगे पेड़ से बाइक टकरा गई और वह गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। गौरतलब है कि कोतवाली चरखारी के ग्राम गुढ़ा निवासी मनोज कुमार अहिरवार (40) पुत्र मईयादीन अपनी बेटी की शादी के कार्ड रिश्तेदारों को बांटने के लिए बाइक से ग्राम अस्थौन आया हुआ था। कार्ड का वितरण करने के बाद वह वापस लौट रहा था तभी चरखारी कस्बे के पास उसका संतुलन बिगड़ गया और बाइक पेड़ से टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

# कुलपहाड़ के परीक्षा केंद्र में 92 ने छोड़ी परीक्षा

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा नगर के जय बुंदेलखंड महाविद्यालय में शनिवार को दोनों पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। केंद्र व्यवस्थापक डॉ कल्पना अवस्थी ने बताया कि सुबह 10 बजे से 12 बजे तक प्रथम पाली में 480 परीक्षार्थियों में 42 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, तथा द्वितीय पाली 3 बजे से सांय 5 बजे तक में 480 परीक्षार्थियों में 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस की कड़ी व्यवस्था रही। केंद्र के बाहर उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा केंद्र के गेट पर एक एक परीक्षार्थी की लाइन लगाकर बायोमेट्रिक व तलाशी लेकर ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। और कल की तैयारी में जुट गये।



तलाशी के लिए लाइन में खड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार

# अपहरण और हत्या के मामले में दस साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अदालत ने अभियुक्त पर 35 हजार का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** ग्रामीण का अपहरण करने के बाद हत्या किए जाने के मामले में अदालत ने उसे दस साल के कारावास व 35 हजार का दंड भी लगाया ।

कोतवाली चरखारी के ग्राम गौरहारी निवासी बालादीन गांव में किराने की दुकान किए था, वह दुकान का सामान लेने की बात कहकर एक जुलाई 2017 को चरखारी गया था। लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की। तीन जुलाई 2017 को पुलिस चौकी गौरहारी में परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस को कुछ लोगों ने बताया कि दो लोग उसे बाइक से ले गए थे। पुलिस ने बाइक सवारों को पकड़ा और पूछताछ की तो महोबा के मोहल्ला आल्हा चौक निवासी अर्चित गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता का नाम अपहरण और हत्या के मामले में उजागर हुआ। पुलिस की पूछताछ में भी अर्चित ने अपहरण और हत्या का जुर्म कुबूल किया। अपर जिला सत्र न्यायाधीश अलका चौधरी ने शनिवार को दोनों पक्षों के गवाह बहस और दलीलें सुनने के बाद अर्चित को अपहरण और हत्या का दोषी ठहराते हुए उसे दस साल कैद की सजा सुनाई और 35 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका।

# जैविक और प्राकृतिक खेती करने पर जोर

संवाददाता कबरई, महोबा

- किसानों को योजनाओं के अलावा फसलों को कीट से बचाने की दी जानकारी

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई में सूचना तंत्र एवं कृषि जागरुकता योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा जिला स्तरीय कृषि मेले का अयोजना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त कृषि निदेशक चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ. राजीव कुमार रहे व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता राहुल अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कृषि मेले की शुरुआत कराई। इस मौके पर तमाम ग्रामीण शामिल रहे। सभी किसानों ने जैविक और प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उपकृषि निदेशक डॉ. अभय कुमार यादव ने कहा कि सरकार किसानों को योजना के तहत सोलर पंप दे रही है, जिसके लिए किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना का लाभ कृषि विभाग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किसानों को दे रहा है और इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का यूपी सरकार के कृषि विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आत्मा योजना के तहत किसानों को ट्रेनिंग, नवाचार करने पर किसानों को पुरस्कृत किया जाता है, इसमें राज्य सरकार 40 प्रतिशत और केन्द्र सरकार 60 प्रतिशत अंशदान देती है। किसान आजकल खेती बाड़ी के अलावा नवाचार भी कर रहे हैं और इन नवाचारों को सरकार भी प्रोत्साहित कर रही है।

पर्व वैज्ञानिक डॉ. रामसेवक चौरसिया ने कहा कि कीट फसल के सबसे बड़े शत्रुओं में से एक हैं, और फसल कीटों को भोजन और आश्रय प्रदान करते संरक्षण जैविक नियंत्रण हस्तक्षेपों में उपयोग किए जाने वाले पौधे संभावित रूप से वनस्पति कीटनाशक प्रदान करने सहित अतिरिक्त पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करते हैं।

उन्होंने फसलों को कीटों से बचाव की जानकारी दी। ग्रामोन्नति संस्थान के रुद्रप्रताप मिश्रा ने किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती करने पर जोर दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा लगाए गए स्टालों देखा गया। इस मौके पर डीसी मनरेगा राघवेंद्र तिवारी, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारी संगठन ने बुलंद की आवाज

**महोबा।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन अध्यक्ष के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, साथ ही निराकरण न किए जाने पर 19 फरवरी को जिले के सभी सफाई कर्मी विकास भवन परिसर में एकत्र होकर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई।

धरना प्रदर्शन के बाद कलेकट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर अपनी मांगों के निस्तारण के लिए आवाज उठाई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### अधिकारियों की लापरवाही से बेकार पड़ा ग्राम बम्होरी का उपकेंद्र

**कुलपहाड़ महोबा ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी खुर्द का उपकेन्द्र में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते बेकार पड़ा है। उपकेंद्र बम्हौरी खुर्द में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई वर्ष पूर्व उपकेंद्र भवन का निर्माण कराया गया था। इस गांव में एएनएम एवं आशा बहू की नियुक्ति है। प्रत्येक शनिवार व बुधवार को गांव तथा आसपास के बच्चों को गर्भवती महिलाओं को लोगों के घरों में जाकर पेड़ की छांव में बैठकर टीकाकरण किया जाता है। इस संबंध में गांव में कार्यरत एएनएम से बात की गई, तो उसने बताया कि भवन तो है, परंतु भवन की हालत बेहद खराब है। सभी कमरों के फाटकों को निकाल लिया गया है, न उसमें लाइट है और न ही कोई सफाई व्यवस्था है। सभी कमरों के फर्श टूटे-फूटे पड़े हुए हैं। इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी गई, लेकिन कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। मजबूरी में पेड़ की छांव में बैठकर टीकाकरण करने को मजबूर हैं। जब ग्राम प्रधान प्रेमचंद साहू से वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि कई बार एएनएम से विभाग के खाते में जो पैसा जमा है, उसको निकाल कर एएनएम केंद्र को ठीक करा लें। कई बार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष तिवारी को भी इस संबंध में जानकारी दे दी गई है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। ग्रामवासी आनंद सिंह, धीरेंद्र सिंह, नारायण दास आदि ने उपकेन्द्र को ठीक कराने की मांग की है।



प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र के टूटे पड़े दरवाजे

**हॉकी टूर्नामेंट**

**सेमीफाइनल में झांसी ने गाजियाबाद को और बलरामपुर ने दिल्ली को हराकर फाइनल में बनाई जगह, दर्शकों की रही भारी भीड़**

# झांसी बी और बलरामपुर के बीच होगा फाइनल मुकाबला

संवाददाता चरखारी महोबा

**अमृत विचार।** 79 वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में झांसी ने खेलो इंडिया गाजियाबाद को 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच स्टार इलेविन बलरामपुर और जामिया दिल्ली के बीच खेला गया। बलरामपुर की टीम ने जामिया दिल्ली को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 फरवरी रविवार को 1:30 बजे से खेला जाएगा।

अखिल भारतीय बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट के छठवें दिन सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए जिसमें पहला सेमीफाइनल झांसी और खेलो इंडिया टीम गाजियाबाद के बीच हुआ। यह मैच दर्शकों के लिए अभी तक का सबसे रोमांचकारी मैच रहा। जिसमें दोनों ही मजबूत टीमों ने एक के बाद एक गोल करते हुए खेल के दौरान दर्शकों को रोमांचित किया। पहले सेमीफाइनल का उद्‌घाटन समाजसेवी तारा पाटकर ने परिचय प्राप्त कर किया। जैसे ही खेल प्रारंभ हुआ खेल के सातवें मिनट में झांसी के सुशील ने गोल किया जबकि 21 मिनट में गाजियाबाद के सक्षम ने गोल करते हुए अपनी टीम को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। लेकिन पहले हाफ के आखिरी मिनट में स्वर्ण खांडेकर ने 29 मिनट में गोल करके अपनी टीम को दो-एक से बढ़त दिलाई। 37वें मिनट में झांसी के शिवम ने एक और गोल किया और 41वें मिनट में गाजियाबाद के सक्षम ने टीम के लिए दूसरा गोल 51वें मिनट में झांसी के ऋषि ने 52 वें मिनट में इसके बाद झांसी के शिवम ने गोल किया। उधर 53 वें मिनट में गाजियाबाद के दीपू ने गोल करते हुए अपनी टीम में जोश पैदा किया। लेकिन यह जोश ज्यादा देर तक नहीं टिक सका और झांसी के सुशील ने आखिरी मिनट में एक और गोल करते हुए अपनी टीम को 6-3 से जीत दिलाते हुए फाइनल में प्रवेश कराया। टूर्नामेंट में खेलो इंडिया खेलो इंडियाकी टीम का प्रदर्शन काफी सराहनी रहा ।

दूसरा सेमीफाइनल स्टार इलेविन बलरामपुर एवं जामिया दिल्ली के बीच हुआ जिसमें बलरामपुर ने 2-1 से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। खेल का पहला हाफ काफी धीमा रहा जैसे बलरामपुर के प्रशांत ने 22 वें मिनट में पहला गोल किया दूसरे हाफ के 25 वें मिनट में बलरामपुर के अभय ने दूसरा गोल किया खेल के 54 वें मिनट में दिल्ली के अल्ताफ ने गोल करते हुए बढ़त कम की और आखिरी के 6 मिनट में दिल्ली की टीम के युवाओं ने जोरदार हमले किए और इस दौरान पांच पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन सभी बेकार साबित हुए तथा दिल्ली की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

खेल के दौरान कृष्णा जोशी, सती श्रीवास्तव , रविंद्र पाठक रमन किशोर गोस्वामी, हमीर सिंह, रामपाल कुशवाहा, डॉ विनय पटेल, कुलदीप भटनागर, सादिक इस्लाम, साजिद हुसैन, पियूष खरे, राशिद हुसैन, अकिल राजा सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे खेल में सुनील चौधरी फिरोज दादा और अमित गुप्ता अंपायर रहे।



मैदान में खेल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी। अमृत विचार

# अतुल कुमार अध्यक्ष और मनीष बने मंत्री

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** डिप्लोमास फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन महोबा का चुनाव शनिवार को मंडलीय अध्यक्ष लखनपऊ एवं चुनाव अधिकारी नीरज सिंह की देखरेख में सर्वसम्मति के साथ संपन्न हुई, जिसमें अतुल कुमार चौरसिया को अध्यक्ष चुना गया, जबकि विजय कुशवाहा को उपाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से चुना गया। इस मौके पर एसोसिएशन के चुने गए पदाधिकारियों का मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई।

डिप्लोमास फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोशिएशन महोबा के मंत्री पद पर मनीष कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह को बनाया गया। इसी प्रकार संगठन मंत्री भूपेंद्र सिंह सेंगर, संयुक्त मंत्री धीरेंद्र शिवहरे, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, संप्रेक्षक/आडिटर पद पर बृजेंद्र सिंह को चुना गया, जबकि सर्वसम्मति से सरिता कटियार को संरक्षक मनोनीत किया गया। चुनाव के बाद सभी चुने गए पदाधिकारियों का एसोशिएशन द्वारा फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुह मीठा कराया। चुनाव के बाद मंडलीय मंत्री एसपी त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजित हुई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही पदाधिकारियों ने विमर्श किया।

# पंचनद मेला मैदान में पक्के निर्माण से खतरे में अस्तित्व

संवाददाता, माधौगढ़-जालौन

- भूमाफियाओं की काली नजर से घट गया मैदान का क्षेत्रफल
- पृथ्वीराज चौहान के शासनकाल से लगता आ रहा पौराणिक मेला

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक पंचनद मेला पर स्थानीय निवासियों के स्वार्थ व भू-माफियाओं की काली छाया मंडराने लगी है। हालात यह साफ संकेत दे रहे हैं कि धार्मिक, ऐतिहासिक व पारंपरिक पंचनद मेले का अस्तित्व खतरे में हैं। यहां प्लाटिंग कर पक्के मकान-दुकान का निर्माण हो रहा है। इससे मेला मैदान का क्षेत्र फल घट गया है। प्रशासन सब जानकर अनजान बना है।


पचनंद मेला परिसर में कब्जे की स्थिति। अमृत विचार

जिला मुख्यालय उरई से उत्तर पश्चिम में 70 किलोमीटर दूर इटावा, औरैया भिंड जिला की सीमा एवं यमुना चंबल, सिंध, कुंवारी, पहूज नदियों के संगम स्थल पंचनद तीर्थ पर प्रतिवर्ष कार्तिक की पूर्णिमा पर मेला लगता है। इतिहास में ऐसे प्रमाण मिले हैं कि मेला मुगलकाल से पूर्व पृथ्वीराज चौहान शासन काल से लगता रहा है। इस मेला की व्यवस्था मराठा साम्राज्य के अनेक राजाओं एवं बुंदेलखंड के राजा छत्रसाल शहर ग्वालियर एवं जगमनपुर राज्य के राजाओं द्वारा समय समय पर की जाती रही है। लगभग 300 वर्ष पूर्व से राजतंत्र काल में पंचनद पर आयोजित स्नान पर्व व मेला की व्यवस्था जगम्मनपुर राज्य के स्थानीय राजाओं द्वारा की जाती रही। इसी प्रबंधन को लेकर जगम्मनपुर के स्थानीय राजाओं एवं पंचनद स्थित श्री बाबा साहब मंदिर के महंतों के मध्य मेला प्रबंधन एवं मंदिर स्वामित्व को लेकर विवाद भी होता रहा है। अंग्रेजो के भारत से जाने के बाद देश में लोकतंत्र काल में जगम्मनपुर राज्य के अंतिम शासक राजा वीरेंद्रशाह जूदेव ने पंचनद के मेला एवं मंदिर के स्वामित्व को लेकर सन 1953 में अदालत मुंसिफी उरई में वाद संख्या 472 के तहत जिला डिस्ट्रिक बोर्ड जालौन के जिम्मेदार लोगों एवं पंचनद बाबा साहब के तत्कालीन महंत भोलावन को प्रतिवादी बनाकर अपना स्वामित्व होने का दावा किया था। राजा वीरेंद्रशाह जूदेव एक वर्ष पहले जगम्मनपुर राज्य के शासक हुआ करते थे। उन्होंने अपने वाद में कहा है कि मौजूदा बंदोबस्त सन 1936-1937 में अराजी नंबर 24 जो मंदिर परिसर, कुंआ आसपास की स्थिति सती मठिया अपने अधिकार क्षेत्र हैं। राजा वीरेंद्र शाह जूदेव द्वारा अपने वाद में यह भी कहा कि आराजी नंबर 24 मंदिर के लिए अधिग्रहीत है। शेष अरारी नंबर 25, 26 ,27 ,28 ,29 ,30 ,31 ,32 ,33 एवं 9 व 10 तथा 48, 49, 56,57 ,58 , 59 वास्ते मेला कार्तिक सुदी पूर्णिमा हर साल दौरान में मेला की दुकाने लगने के लिए अधिग्रहीत है। जगम्मनपुर राज्य के तत्कालीन शासक पूर्व विधायक राजा वीरेंद्रशाह का है, जो 1952 तक जगम्मनपुर राज्य के जागीरदार थे। उन्हें अपने हस्ताक्षर से किसी को भी आवासीय य कृषि जमीन देने या उनकी जागीर में रहने वाले किसी को भी जमीन से बेदखल करने का अधिकार प्राप्त था। राजा वीरेंद्रशाह जूदेव का कथन इस बात का प्रमाण है कि उक्त 18 नंबरों की आराजी भले ही किसी किसान को आवंटित कर दी गई हो लेकिन शर्त के मुताबिक मेला के लिए कृषि भूमि को खाली करनी पड़ेगी। क्योंकि इस भूमि पर मेला पुरातन काल से लग रहा है। 2021 में सशर्त मिली भूमि के पट्टाधारकों के वंशजों की नियत भी डांवाडोल हो गई और अब वह उक्त आराजी कृषि नंबरों वाले खेतों को स्वेच्छा से खाली न करके मेला लगने में व्यवधान पैदा करने लगे। परिणाम स्वरूप प्रतिवर्ष अधिकारियों की मदद से खेत खाली करवाए जाते हैं। अब तो स्थिति बद से बदतर होती जा रही है और मेला के लिए आरक्षित नंबरों में किसानो ने स्थाई निर्माण करना प्रारंभ कर दिए हैं। प्राचीन मेला की परंपरा को बनाए रखने के लिए बाबासाहब मंदिर के महंत सुमेरबन ने मुंसिफ न्यायालय जालौन में वाद कायम भी करवाया है एवं संबंधित अधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र दिया। ताकि खेतो मे हो रहे स्थाई निवास को रोका जा सके किंतु खेत मालिक निर्माण कार्य कराने में जुटे हैं। यदि एक खेत स्वामी अपने खेत में निर्माण कर लेगा फिर सभी किसान प्राचीन अनुबंध को तोड़ अपने-अपने खेतों में निर्माण कर लेंगे। परिणाम स्वरूप पंचनद पर लगने वाला प्राचीन मेला जगह के अभाव में स्वतः समाप्त हो जाएगा । इस संदर्भ में इंटर कालेज के शिक्षक एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमोद सिंह सेंगर ने कहा कि यदि पंचनद तीर्थ क्षेत्र की गरिमा को बनाए रखना है तो मंदिर के आसपास की कृषि भूमि का अधिग्रहण कर किसानों को कहीं अन्य उपजाऊ भूमि दी जाए । ग्राम पतराही निवासी रिटायर्ड शिक्षक महेंद्र सिंह सेंगर ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि धारा 15 के उपबंध (1) 1963 के अधिनियम 56 के तहत सरकार को भूमि ग्रहण करने का अधिकार है। कहा कि प्रशासन सरकार को उक्त नंबरो को अधिग्रहण करने के लिए प्रस्ताव भेजना चाहिए।

> अभी मुझे कार्यभार मिला है। इस प्रकरण की जांच कराकर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।
>
> –विश्वेश्वर दयाल, उप जिलाधिकारी, माधौगढ़

# रेलवे स्टेशन में चेकिंग, बेटिकट 81 यात्री पकड़े

कार्यालय संवाददाता, उरई

- चेकिंग टीम ने जुर्माने में 53,810 रुपये वसूले
- 31 यात्रियों को अनियमित ढंग से यात्रा करते पकड़ा

**अमृत विचार।** झांसी मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी के निर्देशन में उरई रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में इस रूट से गुजरने वाली सभी पैसेंजेर व एक्सप्रेस ट्रेनों समेत रेलवे स्टेशन की भी चेकिंग की गयी। जिसमें 81 यात्रियों को बिना टिकट एवं अनियमित रूप से यात्रा करते पकड़ा गया।

चेकिंग टीम ने जुर्माना स्वरूप 53,810 रुपए वसूल किए गए, जिसमें 50 यात्रियो को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया और जुर्माना स्वरूप 39160 रुपये वसूल किये गये। दूसरी तरफ 31 यात्रियों को अन्य रूप से अनियमित यात्रा करते पकड़कर जुर्माना स्वरूप 14650 रुपये वसूल किया गया।

सभी रेल उपभोक्ताओं के लिए आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए झांसी मण्डल के अधिकारियों ने टिकट रहित और अनियमित यात्रा परअंकुश लगाने के लिए विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया। मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशी कांत त्रिपाठी ने बताया कि बिना टिकट तथा अनियमित यात्रियों कि वजह से गाड़ियों में उचित टिकट लेकर यात्रा कर रहे यात्रियों को परेशानी होती है।

इससे आरक्षित टिकट यात्रियों जिसमें महिलाओं, बच्चों, बुजुर्ग को सबसे ज्यादा कोच में चढने-उतरने तथा अपनी सीट पर बैठने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है तथा रेल राजस्व की भी हानि होती है। इस प्रकार गलत तरीके से यात्रा करने वालों के खिलाफ मण्डल द्वारा सतत चेकिंग अभियान चलाया जाता रहता है।

# तलाशी व सत्यापन के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश

## कड़ी सुरक्षा के बीच पहले दिन की परीक्षा हुई, अफसर लगातार लगाते रहे केंद्र के चक्कर

कार्यालय संवाददाता, उरई(जालौन)

- डीएम व एसपी ने लिया केंद्रों का जायजा

**अमृत विचार।** शनिवार को जनपद में सुबह 10 बजे से पुलिस भर्ती परीक्षा शुरू हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों पर नजर गड़ाए रहे। कड़ी तलाशी व सत्यापन के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिल सका।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम राजेश पाण्डेय व एसपी ईरज राजा।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक ईरज राजा भी सुबह से ही लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर एवं परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिससे कि नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा सके। जनपद में पुलिस आरक्षी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। सभी अभ्यर्थी समय से पहले ही अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में एंट्री मिली। प्रशासन एवं पुलिस की व्यवस्थाओं के बीच प्रथम पाली की परीक्षा अपने निश्चित समय पर शांतिपूर्ण तरीके से शुरू होने के साथ ही सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने एसआर पब्लिक स्कूल, मॉर्निंग स्टार इंटर कॉलेज, रामजीलाल पाण्डेय इंटर कॉलेज में परीक्षा के दौरान निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पुलिस भर्ती के लिए बनाए गये 14 केन्द्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई। उन्होने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा पर नजर रखने के लिए जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। जनपद में यूपी पुलिस की भर्ती परीक्षा दो दिन और चार पालियां में संपन्न कराई जाएगी। यदि इस दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास कोई भी कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता नजर आता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पुलिस आरक्षी परीक्षा की द्वितीय पाली में डीएम व एसपी ने एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल व रामश्री पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया।

# मुलायम सिंह की याद में हुआ दंगल सपा के रंग में रंगा


दंगल में जोर आजमाते पहलवान। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुपम गुर्जर के आयोजन में ग्राम बंगरा में अखिल भारतीय मुलायम सिंह यादव के नाम पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने की और संचालन कृष्ण कुमार गुर्जर ने किया। समाजवादी पार्टी के एमएलसी एवं सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप एवं सपा विधायक अतुल प्रधान ने फीता काट कर दंगल की शुरुआत की। दंगल में कई जिलों और प्रदेशों के पहलवानों ने अपनी कुश्तियों का कौशल दिखाया। दंगल परिसर चारों तरफ समाजवादी पार्टी के होडिंग और झंडों से पटा हुआ था।

इस दंगल में समाजवादी पार्टी के नेताओं सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शकों का जनसैलाब उमड़ा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी राजपाल कश्यप ने कहा कि बुंदेलखंड में आज भी दंगलों का आयोजन कराकर बुंदेलखंड की संस्कृति को संरक्षित करने और पहलवानों के हौसला बढ़ाने का काम सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह भी पहलवान थे और उन्होंने हमेशा पहलवानों का सम्मान किया। अनुपम गुर्जर ने अखिल भारतीय विशाल दंगल के आयोजकों कोका बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने भाजपा सरकार पर वार करते हुए कहा की बुंदेलखंड बहुत ही दयनीय स्थिति में है।

## सार-संक्षेप

### एमएसवी इंटर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य का इस्तीफा

**कालपी।** एमएसवी इंटर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुशील द्विवेदी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रबंधन ने इस पद की जिम्मेदारी सुनील शाक्य को सौंप दी है। हालाकि उनका इस्तीफा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। मालूम हो कि काफी अर्से से एम एस वी इण्टर कालेज में कोई स्थाई प्रधानाचार्य नही है प्रबंधन बरिष्ठता के आधार पर यह जिम्मेदारी कालेज के शिक्षको को देता आ रहा है जिसके चलते गत वर्ष शिक्षक सुशील द्विवेदी को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया था लेकिन वह इस पद को लेकर असहज महसूस कर रहे हैं थे शायद विद्यालय प्रबंधन के साथ उनकी पटरी नही बैठ रही है और इसी के चलते उन्होने 30 जनवरी को इस पद की जिम्मेदारी निभाने में असमर्थता व्यक्त कर इस्तीफा सौंप दिया था जिसे विद्यालय प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया था और इस पद की जिम्मेदारी शिक्षक सुनील शाक्य को सौंप दी है। सूत्रो की माने तो शिक्षक सुशील द्विवेदी ने पद से इस्तीफा देने में अपनी बीमारियो और घरेलू जिम्मेदारियो को कारण बताया हो पर शायद सही नही है और उन्होने विद्यालय की आन्तरिक समस्याओं से निजात पाने के लिए यह कदम उठाया है फिलहाल कुछ भी हो लेकिन उनका इस्तीफा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।


छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित करते विद्यालय प्रबंधन के लोग। अमृत विचार

### छात्रों को बांटे गए स्मार्टफोन, खिले चेहरे

**माधौगढ़-जालौन।** केशव देव तिवारी महाविद्यालय में छात्रों के चेहरे उस समय खिल उठे जब उन्हें महाविद्यालय की ओर से स्मार्टफोन वितरित किए गए। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को डिजिटल रूप में सक्रिय बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विभिन्न वर्गों के छात्रों को वितरित करने का निर्णय लिया था। इसी योजना के अंतर्गत केशव देव तिवारी महाविद्यालय ने भी एक समारोह आयोजित करते हुए अपने छात्रों को स्मार्टफोन वितरण किया जिसमें प्राचार्य कृष्ण मुरारी शुक्ला ने छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए मानिकचंद निराला विपिन चौरसिया कमलेश वर्मा रामकुमार परिहार श्याम सिंह राजपूत शैलेंद्र सिंह मोहित कुमार। सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### ईओ न होने से पालिका के विकास कार्य प्रभावित

**कालपी।** नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशाषी अधिकारी का पद रिक्त होने से सरकारी तथा विभागीय काम प्रभावित हो रहे हैं। इतना ही नहीं विकास कार्यों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। मालूम हो के नगर पालिका परिषद कालपी के तत्कालीन अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। 31 जनवरी से नगर पालिका परिषद कालपी में अधिशाषी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा है। इसके पहले भी कई बार स्थानांतरण हो जाने के कारण अधिशाषी अधिकारी के पद खाली होता रहा है, काम चलाने के लिए निकटवर्ती निकायों के अधिशाषी अधिकारी अथवा उपजिलाधिकारी को अधिशाषी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता रहा है। लेकिन इस बार अतिरिक्त प्रभार किसी भी अधिकारी को नहीं दिया गया है। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति हो जायेगी।

### सड़क बीच लगे खंभे से यातायात रुका

**जालौन।** मुहल्ला तरीबुल्दा में विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया खम्भा आवागमन को वाधित कर रहा है। लोगो ने विभाग से इसे जनहित में हटाने की मांग की है। मुहल्ला निवासी तथा सर्राफा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अरविंद सोनी, पंकज पाण्डेय, कमल सोनी के अनुसार विभाग ने ढोडेश्वर मंदिर जाने वाले रास्ते पर विद्युत पोल लगाया है।

# चितौरा गांव में मटर तोड़ने गई बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट

संवाददाता, माधौगढ़-जालौन

**अमृत विचार।** मामला माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के चितौरा गांव का है। जहां दिहाड़ी मजदूरी मटर तोड़ने गई महिला के साथ दबंगों ने जमकर मारपीट की। महिला को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया।

घायल महिला ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से दबंगों के खिलाफ शिकायत की और कानूनी कार्रवाई करवाने की मांग की। महिला चितौरा गांव से दिहाड़ी मजदूरी करने जुगराजपुरा गांव मटर तोड़ने गई थी तभी दबंग शिवनारायण और अमर सिंह पुत्र लाखन सिंह ने जमकर की मारपीट,जिनके के खिलाफ महिला ने कोतवाली में पहुंच कर दिया शिकायती पत्र और लगाई न्याय की गुहार महिला मजदूरी कर अपना जीवन यापन अपने पति के साथ करती है महिला मीरा देवी पत्नी राजेंद्र कुमार निवासी चितौरा के दो पुत्र थे वह खत्म हो गए है।

# अफसरों ने जेल में कैदियों से की बात, जाना हाल

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं एवं सुविधाओ के सम्बंध में जानकारी ली तथा खाने की गुणवत्ता परखी।

अधिकारियों ने निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री नहीं आनी चाहिए। उन्होंने बंदियों मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा। कारागार परिसर में साफ सफाई मिलने पर संतोष व्यक्त करते हुए बंदियों को योग और न्याय करने और खाली समय में अच्छे साहित्य पढ़ने को प्रेरित किया। इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ सफाई होने चाहिए। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी सामान न पहुंचे इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सारी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाये इस हेतु रोस्टर बनाकर चेंकिग की जाए। महिला बन्दी गृह मे दी जा रही सुविधाओ की जानकारी ली। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, जेलर प्रदीप कुमार आदि रहे।


जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम, एसपी। अमृत विचार

आयोजन | नेहरु युवा केंद्र ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की मनाई पुण्यतिथि

# खेलकूद व मतदाता रैली निकाली

कार्यालय संवाददाता, उरई(जालौन)

**अमृत विचार।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा नेहरु युवा केंद्र संगठन मुख्यालय के आदेशानुसार नेहरु युवा केंद्र जालौन द्वारा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न खेलों कबड्डी, रस्साकसी, वॉलीबॉल,खो खो तथा रिले रेस का आयोजन किया गया। मतदाता रैली भी निकाली गई।


नेहरू युवा केंद्र में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जयंती मनाते लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम का आयोजन स्व. शिवबालक सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय महेवा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जननायक श्री कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिशाल सिंह मंडल अध्यक्ष महेवा रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राज बहादुर राठौर द्वारा की गई। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया सभी प्रतिभागियों द्वारा इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमे शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि रिसाल सिंह द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित किया गया तथा राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील की गई। अंत में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विमल सिंह तथा आलोक कुमार द्विवेदी द्वारा धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर जगदीश,पवन, दिग्विजय रहे।

# मिर्ची लादकर कानपुर जा रहा ट्रक हाईवे पर पलटा

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** उरई (जालौन) शनिवार को झांसी की ओर से कानपुर की ओर मिर्ची लादकर तेजगति से जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया,ट्रक का चालक व परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। झांसी की ओर से मिर्ची लाद कर कानपुर की ओर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे के आटा थाना क्षेत्र के एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुँचा ही था,कि अचानक पलट गया।

हादसे में चालक सहदेव उम्र 35 वर्ष निवासी मुसमरिया थाना चुर्खी व परिचालक कृष्ण सिंह उम्र 30 वर्ष गोरा महेवा गम्भीर रूप से घायल हो गए, हादसे से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर आटा थाना पुलिस पहुँच गई। जिसने घायल को एम्बुलेंस से तुरंत उरई जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा।


आटा थाना क्षेत्र में हाईवे में पलटा ट्रक।

सड़क जाम हो गई। आनन फानन मे पुलिस ने क्रेन बुलाई और बीच सड़क से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हटवाया। ट्रक चालक व परिचालक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। तब कहीं घंटो बाद यातायात शुरू हो सका।

# ओटीएस में पंजीयन के बाद भी बिल न देने पर 50 कनेक्शन कटे


संवाददाता, कालपी

- तीन हजार बकायेदार उपभोक्ताओं ने कराया था योजना के तहत पंजीयन

**अमृत विचार।** एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) में पंजीकरण कराकर बकाया न जमा करने वाले विद्युत उपभोक्ता विभाग के निशाने पर है। विभाग अब इनके कनेक्शन काट रहा है। शनिवार को विभाग ने 50 बकायेदार उपभोक्ताओं की बिजली काट दी है।

विदित हो कि विद्युत विभाग ने बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने के लिए नवंबर माह में एकमुश्त समाधान योजना की शुरुआत की थी, जिसमे शत प्रतिशत ब्याज माफी के साथ बकाया राशि को किश्तों में जमा करने का प्रावधान किया गया था जिसमे लगभग 3000 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया था लेकिन उनमे से ज्यादातर एक किश्त जमा कर अपनी शर्ते भूल गए हैं। लेकिन विभाग ने इसे गम्भीरता से लिया है। उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज यादव के मुताबिक बकाया राशि जमा न करने वाले उपभोक्ता अब विजली का उपभोग नही कर पायेगे। इसके लिए विभाग अब बकायेदारो के घर दस्तक दे रहा है।

शनिवार को उपखण्ड अधिकारी तथा अवर अभियन्ता जितेन्द्र देव वर्मा ने नगर के मुहल्ला में बकायेदारो के घरो पर दस्तक दी जिसमे आधा सैकडा उपभोक्ताओ के संयोजन विच्छेदित किए गए हैं। टीम में अमित पोरवाल, सीताराम, फहमीद, सादिक दिलीप सहित कई सँविदा कर्मचारी मौजूद रहे।


कालपी में विद्युत कनेक्शन काटते कर्मचारी, साथ में अधिकारी।

# पुल नहीं बना तो वोट नहीं डालेंगे

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- यमुना पुल के निर्माण को लेकर जनता में आक्रोश
- जनप्रनिधियों की वादाखिलाफी को लेकर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

**अमृत विचार।** जसपुरा ब्लॉक के तिरहार क्षेत्र में यमुना नदी पर पक्के पुल का निर्माण की प्रक्रिया आरंभ न होने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। सरकार व जनप्रतिनिधियों की वादाखिलाफी से नाराज ग्रामीण गांव-गांव बैठकों का आयोजन कर आगामी लोकसभा चुनाव का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने की योजना बना रहे हैं।

ग्राम पंचायत गौरीखुर्द स्थित मां किशोरीजी प्रांगण में यमुना नदी पर सेतु निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को पुल निर्माण आंदोलन संघर्ष समिति और ग्रामीणों की हुई। बैठक में सभी ग्रामवासियों ने एक स्वर में पुल नहीं तो वोट नहीं का घोष करते हुए अपनी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लोकसभा चुनाव से पहले सेतु निर्माण की प्रक्रिया आरंभ न हुई तो ग्रामीण आगामी लोकसभा चुनाव का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। बैठक में गांव के बुजुर्ग शिरोमन सिंह ने कहा कि पिछले साल भी उन्होंने क्षेत्रीय लोगों के साथ गांव-गांव में बैठकों का आयोजन किया था और लखनऊ जाकर क्षेत्रीय विधायक व जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद को अपना मांगपत्र सौंपा था। तब इन जनप्रतिनिधियों ने जल्द पुल निर्माण का आश्वाशन दिया था, लेकिन तकरीबन छह माह से भी ज्यादा का समय बीत जाने के बाद अभी तक पुल निर्माण की प्रक्रिया नहीं शुरू हुई। पूर्व प्रधान जयविजय सिंह मेंबर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र की इस बड़ी समस्या को जल्द से जल्द हल कराने की पहल करते हुए शासन से पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू करानी चाहिए। बैठक में गौरी के युवा पंकज यादव ने कहा कि यदि चुनाव से पहले पुल निर्माण की प्रक्रिया आरंभ नहीं होती तो सरकार की वादा खिलाफी के विरुद्ध आगामी लोकसभा चुनाव का हम सभी ग्रामवासी बहिष्कार करेंगे। घर-घर बहिष्कार की रणनीति को उजागर किया जाएगा।



गौरीखुर्द में मां किशोरीजी प्रांगण में नारेबाजी करते ग्रामीण। अमृत विचार

पुल निर्माण आंदोलन संघर्ष समिति समन्वयक पुष्पेन्द्र सिंह चुनाले ने बताया आज की पहली बैठक से स्पष्ट हो गया कि पूरा जसपुरा ब्लॉक पुल निर्माण की प्रक्रिया जल्द से जल्द चाहता है। सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रवासियों के लिए उनके हित में कदम उठाना चाहिए। बैठक में जगदीश सिंह, गुमान सिंह, विवेक, कृष्णपाल पाल सिंह, रामू द्विवेदी, बच्च प्रसाद, शिवप्रकाश, बच्चिलाल, गंगाराम, गौरीशंकर, योगेश सिंह, ओमप्रकाश, दिवाकर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने बैंकों में अभियान चलाकर तलाशे संदिग्ध

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने बैंकों में अभियान चलाकर संदिग्धों की तलाश की। शनिवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कस्बा प्रभारी रॉबिन सिंह ने नगर के बैंकों में संदिग्धों की तलाश की। बैंक के भीतर व बाहर मौजूद लोगों से पूछताछ कर मौजूदगी का कारण जाना। पहचान पत्र, बैंक पासबुक आदि भी देखी और साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया। बताया कि बैंक खाते से जुड़ी जानकारी किसी भी अंजान व्यक्ति को न दें। मोबाइल पर आने वाले ओटीपी सहित पासवर्ड आदि को गुप्त रखें। पुलिस ने नगर के तिर्वा रोड स्थित एसबीआई, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, जीटी रोड पर स्थित बीओई, सब्जी मंडी में स्थित पीएनबी, रामगंज स्थित बीओबी में चेकिंग अभियान चलाया।

# अधिकारियों के रहमोकरम से जाम लगा रहे अवैध ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के कस्बों में धड़ल्ले से चल रहे ई रिक्शा आए दिन जाम का कारण बन रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई करने से परिवहन विभाग कतराता रहता है। ऐसे में चालक न तो ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन कराते हैं न ही ड्राइविंग लाइसेंस लेते हैं।

जिले में अवैध ई रिक्शों की भरमार हैं। कस्बा हो या फिर गांव हर जगह यह सुगमता से लोग खरीद कर लाते और उसे अवैध रूप से चला रहे हैं। इनका एआरटीओ के यहां से रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया जाता है। लगभग 600 अवैध ई रिक्शा जिले में संचालित हैं जब कि एआरटीओ कार्यालय में करीब 400 ई रिक्शों का रजिस्ट्रेशन है। वहीं यदि कन्नौज शहर की ही बात करें तो करीब 600 ई रिक्शे चल रहे हैं। गुरसहायगंज, छिबरामऊ, तिर्वा, सौरिख समेत अन्य कस्बों में भी ईरिक्शा की भरमार है। अवैध रूप से चल रहे इन ई रिक्शों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे वह मनमाना किराया लेने के साथ ही ओवरलोडिंग कर रहे हैं। जिम्मेदार इस तरफ से बेखबर नजर आ रहे हैं वहीं बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे यह ई रिक्शा सरकार को चूना लगा रहे हैं। खास बात तो यह है कि यह मुख्य मार्गों पर दौड़ रहे हैं जबकि इनका रजिस्ट्रेशन कर कस्बों में संचालन का परमिट दिया जाता है। विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिले में चले रहे ईरिक्शों के हैंडिल ज्यादातर नाबालिगों के हाथ में नजर आते हैं। इस संबंध में एआरटीओ इज्या तिवारी के सीयूजी फोन नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया तो फोन बंद मिला।



सरायमीरा में चलते बिना नंबर के ईरिक्शा। अमृत विचार

# आरोप: अध्यापक बच्चों को नहीं पढ़ाते

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- प्रधान के नेतृत्व में छात्र छात्राओं व ग्रामीणों ने एबीएसए से कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार।** क्षेत्र के टाई गांव में प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं व ग्रामीणों ने प्रधान के साथ तहसील पहुंच कर अध्यापकों पर पढ़ाई न कराने व मारपीट कर धमकी देने का आरोप लगाते हुए परिसर में बैठ गये। साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

विकासखंड क्षेत्र के टाई ग्राम प्रधान लाल दिमान अनुरागी के साथ शनिवार को शिवानी, तान्या, शशि, दुष्यन्त, भागवत छात्र व छात्राएं तथा अभिभावक संतोष दुबे, रामकिशन, सुमन देवी, आनन्द बाबू, हरनाथ, पवन कुमार सहित लगभग आधा सैकड़ा छात्र व ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली से तहसील पहुंचे। वह अधिकारी से शिकायत करने की जिद कर तहसील परिसर पर बैठ गये। अधिकारियों की पुलिस परीक्षा में ड्यूटी लगी होने की वजह से कोई अधिकारी नहीं मिला। लेकिन सूचना मिलने पर लगभग दो घंटे बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील पहुंचे। जिन्हें छात्र छात्राओं व अभिभावकों ने समस्या से अवगत कराया तथा प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।



तहसील परिसर में छात्र-छात्राओं के साथ बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी से कहा कि गांव के प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक व सहा. अध्यापक पढ़ाते नहीं है। बच्चों व ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि छात्र छात्राओं को बाल पकड़ कर जमीन पर पटक कर मारा जाता है। अभिभावक बच्चों से मिलने व देखने के लिए जाते हैं तो वह विद्यालय के अंदर नहीं जाने देते हैं।

आरोप है कि वह दोनों अध्यापक विद्यालय में दबंगई दिखाते हैं और बच्चों को एमडीएम मीनू के अनुसार भोजन भी नहीं दिया जा रहा है। उनकी मारपीट से बच्चे भी स्कूल जाने से डरते हैं। बच्चों एवं ग्रामीणों ने दोनों अध्यापकों के विरूद्ध कार्यवाही कर हटाने की मांग की है। खण्ड शिक्षा अधिकारी आशीष चौहान का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजी जाएगी।

## गृहकलह के चलते अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के अरतरा गांव में शुक्रवार की रात गृह कलह के चलते एक व्यक्ति ने नीम के पेड़ में फंदा डाल लटक कर जान दे दी। शनिवार की सुबह लोगों ने उसे फांसी के फंदे में लटका देखा।

अरतरा ग्राम प्रधान माहेश्वरी दीन ने बताया कि गांव का गिरजा शंकर 50 पुत्र बिंदा प्रसाद शराब का आदी था और अक्सर घर में नशे की हालत में विवाद करता रहता था। शुक्रवार की रात में घर से निकल गया और रात में किस समय उसने नीम में लटक कर फंदा लगा कर जान दे दी। इसकी जानकारी नहीं हो सकी। शनिवार को सुबह खेतों की ओर गए कुछ ग्रामीणों ने उसे फांसी के फंदे में लटकते देखा तो घटना की जानकारी हो सकी। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। उसके चार बेटे है, मजदूरी कर परिवार चलाते हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गुटबाजी: अधिवक्ता संघ चुनाव में फंसा पेच

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

**अमृत विचार :** अधिवक्ता संघ के चुनाव में मतदाता सूची में 38 अधिवक्ताओं के नाम हटाए जाने को लेकर गुटबाजी तेज हो गई है। नाम हटाए जाने पर जहां एक ओर इल्डर कमेटी के चेयरमैन विनोद तिवारी ने चुनाव तिथि एक माह बढ़ाने का आदेश चस्पा करवा दिया, वहीं चुनाव रोके जाने के बावजूद निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय नामांकन प्रपत्रों की बिक्री में डटे रहे। चुनाव एक माह तक बढ़ाए जाने के बावजूद अधिवक्ता असमंजस के पेंच में फंसे हैं।

तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार अधिवक्ता संघ का नामांकन सोमवार को होना था, लेकिन इसके पहले ही अधिवक्ता संघ के महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ ने 174 मतदाताओं वाली सूची में फेर बदलकर मतदाता सूची से प्रवासी 38 मतदाताओं का नाम हटवा कर मतदाता सूची अधिवक्ता संघ के सूचना बोर्ड पर चस्पा करवा दी। अधिवक्ता संघ इल्डर कमेटी के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने सुबह नामांकन के पहले ही मतदाता सूची से 38 नाम को बिना पारदर्शी जांच के हटाए जाने समेत कुछ अन्य मामलों को लेकर चुनाव तिथि एक माह आगे बढ़ाने का आदेश चस्पा करवा दिया। निर्वाचन अधिकारी ने अपने आदेश में लिखा है कि प्रवासी 38 अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर किये गए हैं। उधर, चुनाव अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय अपनी टीम के साथ अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और महासचिव समेत विभिन्न पदों के लिए प्रपत्रों की बिक्री में यह कहते हुए डटे रहे कि उनका निर्वाचन आमसभा ने किया है। उन्हें जो सूची मिली है, उसी के आधार पर चुनाव करवा रहे हैं। बताया कि विभिन्न पदों के लिए 12 पर्चा की बिक्री हुई है। रविवार को भी नामांकन होगा। इल्डर कमेटी अध्यक्ष के आदेश पर उन्होंने कुछ बोलने से मना कर दिया। एक तरफ एक माह के चुनाव बढ़ाने का आदेश और दूसरी तरफ नामांकन प्रपत्रों की बिक्री को लेकर पूरा दिन अधिवक्ताओं के बीच असमंजस का माहौल रहा।



मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का विरोध करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### चुनाव को लेकर क्या कहते हैं जिम्मेदार

अधिवक्ता संघ की मतदाता सूची में प्रवासी अधिवक्ताओं के नाम पर 38 अधिवक्ताओं के नाम सूची से बाहर करने पर अधिवक्ता संघ के चेयरमैन विनोद तिवारी ने चुनाव तिथि एक माह बढ़ाए जाने के आदेश पर कहा कि अब आदेश के बाद नामांकन की प्रक्रिया वैधानिक नहीं रह गई है। चुनाव तभी कराए जाएंगे जब एक माह बाद जब जांच निष्पक्षता से पूरी हो जाएगी। वहीं निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय ने कहा कि आम सभा ने चुनाव कराने का दायित्व सौंपा है। चुनाव की प्रक्रिया रोकी नहीं जाएगी।

### नाम काटे जाने पर ज्ञापन

अधिवक्ता संघ के चुनाव में रातों-रात प्रवासी के नाम पर 38 अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने पर अधिवक्ताओं में उबाल आ गया। अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर इल्डर कमेटी के अध्यक्ष विनोद तिवारी को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में कहा कि राजनीति के तहत जबरन नाम काट दिए गए हैं।

इसके साथ ही निर्वाचन अधिकारी को भी हटाने की मांग की गई है। इस दौरान अधिवक्ता लवकुश कुमार गुप्ता, नरेंद्र सिंह, अमरबाबू सचदेवा, दिनेश कुमार, शिल्पी गुप्ता, अरुण कुमार वर्मा, रामबाबू, विशाल गुप्ता, संतोष गुप्ता, विकास सिंह, कुलदीप सिंह, अवधेश कुमार, द्वारपाल वर्मा, अरुण कुमार तिवारी, अशोक साहू आदि मौजूद रहे।

# टीकापुर मोड़ में लगा हैंडपंप नहीं दे रहा पानी

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पिछले एक माह से टीकापुर मोड़ में लगा हैंडपंप ख़राब है। ऐसे में यहां के लोगों को पीने के पानी का संकट जारी है।

राठ हमीरपुर हाईवे पर टीकापुर मोड़ में सड़क किनारे लगा सरकारी हैंडपंप खराब होने से राहगीरों व दुकानदारों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। टीकापुर मोड़ पर मोरा कादर, अछपुरा, बहदीना, डाड़ीपुर, टीकापुर जैसे गांवों के लोगों का हाट बाजार के लिए रोजाना आना जाना रहता है। मोड़ पर लोग हैंडपंप में पानी पीते हैं। वहीं दुकानदार भी पानी भरते हैं। सन्तोष कुमार, गोपी, संजय, सज्जन, छोटे, जालिम आदि लोगों ने बताया यहां पानी की बड़ी दिक्कत है। एक माह से हैंडपंप ख़राब है एवं उसका फाउंडेशन टूटा हुआ है। पानी पीने के लिए खेतों में लगे प्राइवेट ट्यूबवेल से पानी लाते हैं। लोगों ने हैंडपंप ठीक कराने की मांग की है।



खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

## भाकियू के प्रदर्शन में नहीं जुट सके किसान

**उरई (जालौन)।** दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में भाकियू नेता एक जुट हो गये है। जनपद जालौन की मुख्यालय उरई में निवास कर रहे भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ने संगठन के पदाधिकारियों को प्रदर्शन में अभी नही शामिल होने के संकेत दिए है,

इसके बावजूद भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लम्बरदार ने चंद किसानों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने करने का प्रयास किया, मगर उन्हें कलेक्ट्रेट में नही घुसने दिया गया।

गेट के बाहर ही राष्ट्रपति को सम्बोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट कर सभी वापस लौट गये।

# सेल्समैन को बंधक बना शराब और नकदी लूटी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** देसी शराब ठेके के सेल्समैन को बंधक बना कर बदमाशों ने नकदी व शराब की पेटी लूट ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पुलिस ने सेल्समैन समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

सरायमीरा निवासी दिलीप जायसवाल की तिर्व कोतवाली क्षेत्रके गांव खुरदइया रोड पर देवा पट्टी के नाम से देसी शराब ठेका है। इस पर सेल्समैन के तौर पर कायमगंज फर्रुखाबाद निवासी पंकज पाल रहता है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात वह शराब ठेके में ही सो रहा था। रात दो बजे के करीव वह ठेके का गेट खोल कर बाहर पेशाव करने निकला। इसी बीच आठ से 10 बदमाशों ने उसे तमंचा लगा कर दबोच लिया। इसके बाद बदमाश उसे जान से मादेने की धमकी देते हुए ठेके के अंदर ले गये। जहां गोलक में रखी हजारों रुपये की नकदी व शराब की कई पेटी लूट ले गये। सेल्समैन ने फोन कर मालिकों व पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने जांच की तो संदेह होने पर पुलिस ने सेल्समैन के अलावा ठेके के निकट कैंटीन का संचालन करने वाले पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर पूछ-ताछ की है।

## 10 महिलाओं के ऑपरेशन किए गए

**कुरारा।** सीएचसी में शनिवार को नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। नसबंदी कैंप में मुस्करा से आए अधीक्षक डॉ.बृजेश राजपूत ने 10 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया। वहीं एक ऑपरेशन हाइड्रोसील का किया। सहयोग में फार्मासिस्ट योगेंद्र यादव, प्रियंका स्टाफ नर्स आदि मौजूद रहे।

## कार से टकरा ऑटो पलटा, दो घायल

**जलालाबाद।** शनिवार को जेल रोड पर जा रहा ऑटो पास की सड़क से निकली कार से टकरा कर जेल चौराहे पर सड़क किनारे पलट गया। इससे ऑटो चालक कुलदीप व पप्पू घायल हो गए।

## सार-संक्षेप

### पति ने पत्नी को कमरे में बंद कर पीटा

**बांदा :** मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ गांव निवासी चुनकी (25) को शनिवार की दोपहर पति मुकेश ने कमरे में बंदकर मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और किसी तरह चुनकी को बचा लिया। घायल चुनकी को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। चुनकी ने बताया कि उसका पति नशे का आदी है। वह मोहल्ले पड़ोस के लोगों को घर बुलाकर शराब पिलाता है। तरह-तरह के लांछन लगाता है। नशे का विरोध करने पर उसके साथ मारपीट हुई।

### महादानी ने रक्तदान कर बचाई गंभीर मरीज की जान

**बांदा :** जिला अस्पताल में भर्ती मरीज को महादानी ने रक्तदान कर नया जीवन दिया। मरीज के परिजनों ने महादानी की इस सेवा की जमकर सराहना करते हुए आभार जताया। जिला अस्पताल में बिंदादीन नाम का मरीज गंभीर स्थिति में भर्ती है। जिसे रक्त की बहुत आवश्यकता थी। परिवार के लोग भी समय-समय पर रक्तदान करते रहते है। शनिवार को मरीज के लिए रक्त की आवश्यकता पड़ गई। इसकी मदद के लिए तत्काल डिमांड डाली गई और रक्तदाता अब्दुल वसीम से जब संपर्क किया तो वह बिना किसी देरी के तत्काल जिला अस्पताल पहुंच गए और गंभीर हालत में भर्ती मरीज बिंदादीन के लिए रक्तदान किया। रक्तदान के बाद अब्दुल वसीम ने बताया कि शुक्रवार को उनकी बेटी का जन्मदिन था। वह रक्तदान करना चाहते थे जो मौका उन्हें मिल गया। रक्तदान के उपरांत मरीज बिंदादीन के परिजनों ने रक्तदाता वसीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सड़क हादसों में दंपति समेत तीन घायल

**बबेरू :** कोतवाली के पतवन गांव निवासी राजाभइया (50) अपनी पत्नी शिवदेवी (45) को बाइक में बैठाकर तिंदवारी गांव जा रहा था। तभी मूगुस गांव के पास सामने से आ रही बुलेरो ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनो दंपति गिर घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। देहात कोतवाली क्षेत्र के लुकतरा गांव निवासी लल्लू (65) पुत्र कल्लू शुक्रवार को शादी समारोह में शामिल होने शुकुल कुआ आया था। शनिवार की दोपहर सड़क पार कर रहा था, तभी बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कपड़े की दुकान में आग से लाखों का सामान राख

**मऊ (चित्रकूट)।** खंडेहा में कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। चौराहे में कमलेश की कपड़े की दुकान है। शुक्रवार रात वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया था। इस दौरान उसकी दुकान में आग लग गई। लोगों की सूचना पर जब कमलेश वहां पहुंचा तो सब कुछ राख हो गया था। कमलेश ने बताया कि दुकान में लगभग नौ लाख का माल था और एक लाख रुपये नकद रखे थे। लेखपाल ने क्षति का आकलन किया। बताया कि वह जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की कोशिश करेंगे।

### दुर्घटना में घायल महिला की भी मौत

**चित्रकूट।** सड़क हादसे में घायल महिला की प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत हो गई। उद्घटा गांव निवासी विद्यासागर की पत्नी ममता (21) अपने मायके रैपुरा थानांतर्गत कौबरा से गुरुवार देर शाम वह भाई छोटू (22) पुत्र उमेश के साथ बाइक से ससुराल वापस आ रही थी। उसके साथ उसकी बेटी रिया भारती (5) और प्रिया (13 माह) भी थी। बोड़ी पोखरी-राजापुर मार्ग पर रमटेकवा बरहट के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से छोटू और रिया की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल ममता को सिर पर गंभीर चोट होने की वजह से प्रयागराज रिफर किया गया था। परिजनों ने बताया कि शनिवार को ममता ने भी दम तोड़ दिया। तीन मौतों से परिवार में हाहाकार मच गया।

### मौदहा बांध के डूब क्षेत्र में लगे पेड़ों की अवैध कटान शुरू

**राठ (हमीरपुर)।** मौदहा बांध निर्माण खंड हमीरपुर के सींच पर्यवेक्षक धर्मपाल सिंह ने तहरीर के माध्यम से बताया कि पिछले दो दिनों से मौदहा बांध डूब क्षेत्र के ग्राम मौजा मनियापार व परा एवं गौहानी राठ में सैकड़ों की तादाद में पेड़ लगे हुए हैं। बताया कि पिछले दो दिनों से डूब क्षेत्र में लगे पेड़ों को रात के अंधेरे में अज्ञात लोगों द्वारा पेड़ों का अवैध कटान किया गया। जिससे प्राकृतिक संपदा को नुकसान हो रहा है। सींच पर्यवेक्षक ने कोतवाली में तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज की गुहार लगाई है।

कार्यशाला — खतरनाक तत्वों के सेवन से हो सकता है मुंह का कैंसर

# चेतावनी : तंबाकू उत्पादों में होते हैं विषैले तत्व

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम व जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिला अधिवक्ता संघ सभागार में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में तंबाकू सेवन से परहेज की सलाह दी गई। कहा कि तंबाकू में चार हजार से अधिक विषैले तत्व होते हैं। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने समाज में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं पर चिंता जताते हुए जागरूकता पर जोर दिया।

जिला अधिवक्ता संघ सभागार में शनिवार को जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की अगुवाई में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अशोक दीक्षित, महासचिव रामप्रकाश शिवहरे, कोषाध्यक्ष बृजेश द्विवेदी समेत सीएमओ डॉ.एके श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी डॉ.विजय केसरवानी, जिला तंबाकू प्रकोष्ठ सलाहकार डॉ.रामवीर सिंह, मनोरोग चिकित्सा डॉ.हरदयाल व अनुश्रवण अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। मनोरोग चिकित्सक ने मेंटल हेल्थ केयर एक्ट 2017 विषय व जिला सलाहकार तंबाकू प्रकोष्ठ (कोटपा) एक्ट की जानकारी दी। जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने समाज में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई। कहा कि गांव-गांव जागरूकता कार्यक्रम को ज्यादा प्रभावशाली बनाते हुए प्रचार-प्रसार के माध्यम से इस पर काफी हद तक रोकथाम लगाई जा सकती है। सीएमओ ने बताया कि देश भर में 100 में 40 रोगी तंबाकू के प्रयोग से मरते हैं। तंबाकू सेवन से बचाव के लिए जनपद में एक सैकड़ा गांवों को चिन्हित कर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि तंबाकू उत्पादों में चार हजार से ज्यादा विषैले कैंसर के तत्व होत हैं। तंबाकू सेवन से मुंह का कैंसर हो सकता है। जिला तंबाकू प्रकोष्ठ सलाहकार ने बताया कि विश्व भर में होने वाली मौतों और बीमारियों का एक मात्र बड़ा कारण तंबाकू सेवन है।



अधिवक्ताओं को संबोधित करते अशोक दीक्षित। अमृत विचार

विश्व में लगभग 60 लाख लोग हर साल तंबाकू सेवन से अपनी जान गंवाते हैं। हर साढ़े छह सेकेंड में धूम्रपान करने वाले व्यक्ति की मौत होती है। इस मौके पर मनोरोग चिकित्सक डॉ.रिजवाना हाशमी, त्रिभुवन नाथ, अरविंद गुप्ता, कुलसुम हाशमी, अनुपम त्रिपाठी, अशोक कुमार समेत तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।



श्रीमद्भागवत कथा सुनते ग्रामीण। अमृत विचार

## श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव जन्म की कथा सुनाई

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के शंकरपुर के मजरा परसी डेरा गांव में श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक ने ध्रुव जन्म की कथा का वर्णन किया।

विकासखंड क्षेत्र के शंकरपुर के मजरा परसी डेरा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित रामेश्वर दास शास्त्री व कथा वाचक पंडित विनीता शास्त्री ने ध्रुव जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि ध्रुव के पिता राजा की दूसरी रानी ने पिता की गोद से उतारने पर बाल अवस्था में ही ध्रुव भगवान को प्राप्त करने के लिए अपने घर से तपस्या के लिए जा रहे थे तभी रास्ते में उन्हें देवर्षि नारद मिले उन्होंने ध्रुव को ओम नमो भगवते वासुदेवाय का जाप करके भगवान विष्णु की तपस्या करने को कहा वही देवर्षि की बात मानकर एक पैर पर खड़े होकर 6 माह तक कठोर तप किया। बालक की तपस्या देख भगवान विष्णु ने दर्शन देकर उसे उच्चतम प्राप्त करने का वरदान दिया। इसके बाद बालक ध्रुव की याद में सर्वाधिक चमकने वाले तारे को नाम ध्रुव तारा दिया गया। ध्रुव कथा सुनकर श्रोता गण भावविभोर हो उठे। कथा में योगेंद्र निषाद, ज्योति निषाद, धीरेन्द्र कुमार, हरिश्चंद्र, अजब सिंह, रामचंद्र रहे।

